रोहतक
गुरुवार 23 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 169
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम** हरियाणा
अधि. 35.2°C
न्यून. 23.0°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप तनिष्का व प्राची ने रचा इतिहास

## ऐसे बिगड़े हालात

■
**8:30**
बजे रात जंतर मंतर पर सड़क के सामने कुछ छात्र इकट्ठा हुए

■
**8:35**
बजे पुलिस के जवान वहां से गुजरे तो छात्रों ने कहासुनी की, एक दो जवानों को पकड़ा

■
**8:40**
बजे हालात बिगड़ते देख पुलिस ने किया उपद्रवियों से मुकाबला भगाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े

■
**8:45**
बजे पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीछे धकेला, पत्थरबाजी में पुलिस कर्मचारी घायल हुए, युवक भी मौके से भाग गए

# जंतर-मंतर पर फिर झड़प, पथराव में 2 एसीपी समेत 5 पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर के पास बुधवार रात 8:30 बजे के करीब प्रदर्शनकारियों और पुलिस में हिंसक झड़प हो गई। पुलिस के मुताबिक, कनॉट प्लेस के टॉल्स्टॉय मार्ग के पास कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर पत्थरों और बोतलों से हमला कर दिया। इस हमले में दो एसीपी और दो इंस्पेक्टर सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसमें प्रदर्शनकारियों के हाथ में भी लाठी दिख रही है। वे पुलिसकर्मियों पर हमला कर रहे हैं। हालांकि झड़प करीब 15 मिनट चली। उसके बाद स्थिति सामान्य हो गई।

### पुलिस जवानों को घेरा

देर रात जंतर-मंतर के सामने सड़क पर कई छात्र एकत्र थे। इसी दौरान दिल्ली पुलिस के कुछ जवान छोटे-छोटे समूहों में वहां से गुजर रहे थे। किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद छात्रों ने पुलिसकर्मियों के पीछे भागना शुरू कर दिया और कुछ दूरी पर एक-दो जवानों को पकड़ लिया। खुद को छुड़ाने के लिए पुलिसकर्मियों ने लाठियां चलाईं, जिससे स्थिति और बिगड़ गई और छात्र आक्रोशित हो उठे। इसमें झड़प हो गई और कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए।

▶▶ उपद्रवियों ने पत्थरबाजी की, लाठी-डंडे लेकर पहुंचे
▶▶ पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, दोनों पक्षों में झड़प
▶▶ सुरक्षाबलों ने भीड़ को खदेड़ा, स्थिति कंट्रोल में आई



### वांगचुक बोले-सरकार भरोसा दे तो अनशन खत्म करने को तैयार



गुरुग्राम। मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद आप सांसद संजय सिंह समेत सभी नेता मेदांता के गेट पर धरने पर बैठ गए। संजय सिंह ने कहा- इतिहास में पहली बार सुन रहे हैं कि अस्पताल में भर्ती किसी मरीज से लोगों को मिलने से रोका जा रहा है। हम सोनम वांगचुक से मिलने आए हैं। वांगचुक पिछले 25 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उन्हें पहले जंतर-मंतर से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था। मंगलवार को कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया है। उधर, वांगचुक ने सोनम वांगचुक ने बुधवार शाम गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से एक वीडियो मैसेज जारी किया। सोनम ने कहा- अनशन को 25 दिन बीत गए हैं लेकिन अभी तक जिंदा हूं। उन्होंने कहा, 'मुझे अगर सरकार की तरफ से भरोसा मिले तो मै आज ही अनशन खत्म करने को तैयार हूं। बस सरकार छात्रों के खिलाफ कार्रवाई न करे। (पेज 5 भी देखें)

## डैमेज कंट्रोल में जुटी सरकार

**सरकार ने चर्चा का मंच खोला**
●
**आत्महत्या करने वाले छात्रों को दे सकती है मुआवजा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रदर्शन को लेकर सरकार अब डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सीजेपी के नेतृत्व वाले आंदोलन से निपटने संबंधी केंद्र के तरीके का बचाव करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार उस आंदोलन के प्रति 'संवेदनशील' बनी हुई है, जिसे छात्र आंदोलन के रूप में प्रस्तुत किया गया है और वह हमेशा बातचीत के लिए तैयार रही है। सत्तारूढ़ दल ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह यह झूठा विमर्श फैला रहा है कि भारत की परीक्षा प्रणाली पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दल इन विरोध प्रदर्शनों से राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने मेदांता अस्पताल में वांगचुक से मुलाकात की। उधर, वांगचुक ने केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि वे अनशन खत्म करने को तैयार हैं लेकिन भरोसा दिया जाए कि आंदोलन कर रहे स्टूडेंट्स पर एक्शन नहीं लिया जाएगा।

### हम चर्चा को तैयार, कांग्रेस राजनीति कर रही : नड्डा

जेपी नड्डा ने भी बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने छात्रों की मांगों और पेपर लीक के मुद्दे



पर कांग्रेस पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह बेहद गंभीर विषय है और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। नड्डा ने कहा कि पेपर लीक गंभीर समस्या है, लेकिन राहुल गांधी इस मुद्दे पर गंभीर नहीं हैं और केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार इस मुद्दे पर संसद में चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नड्डा ने यह भी बताया कि वे सोनम वांगचुक का हालचाल जानने गए थे, जिन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने वांगचुक से अनशन समाप्त करने का आग्रह किया।

### सुरक्षाबलों ने छात्रों को बुरी तरह पीटा : राहुल

राहुल गांधी ने दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर बुधवार को करीब 40



मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने सबसे पहले अपने प्रेजेंटेशन में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च में शामिल छात्रों के वीडियो चलाए। राहुल कहा कि सुरक्षाबलों ने छात्रों को बुरी तरह पीटा। ऐसा क्यों किया गया। नीट पेपर लीक से देश के 7.5 करोड़ स्टूडेंट्स और उनके परिवार इस घटना से प्रभावित हुए हैं। नीट मामले में किसी भी को सजा नहीं हुई। राहुल ने कहा- जब पुलिसवाले मुझे हटाने आए तो उन्होंने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए। मुझे घसीटा तो मुंह से खून आया, दो-तीन पंच लगे, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान को जाना होगा।

### लाठीचार्ज पर सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

*सीजेआई बोले, हमारे पास वीडियो देखने का समय नहीं*

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। बुधवार को एक वकील ने सीजेआई की अगुआई वाली 3 जजों की बेंच के सामने जनहित याचिका लगाई थी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'हमें वीडियो देखने में कोई रुचि नहीं है। हमारे पास उन्हें देखने का समय नहीं है।' जब वकील ने छात्रों के साथ मारपीट के वीडियो देखने का दूसरी बार अनुरोध किया तो सीजेआई ने कहा, 'हमारा और अपना समय बर्बाद मत कीजिए।'

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा फुटेज सुरक्षित रखें

*केंद्र और दिल्ली पुलिस से 4 सप्ताह में मांगा जवाब*

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई और लाठीचार्ज की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने सीसीटीवी, बॉडी कैम फुटेज और दूसरे रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अदालत ने चार हफ्ते में जवाब मांगा है। अगले चार हफ्ते मे पुलिस के जवाब पर याचिकाकर्ता अपना जवाब दाखिल करेंगे। याचिकाकर्ताओं ने पुलिस की लाठीचार्ज और जंतर-मंतर से सोनम वांगचुक को जबरन हटाए जाने को लेकर याचिका दी थी।

### कांग्रेस ने घेरा भाजपा दफ्तर, भाजपा का भी जोरदार प्रदर्शन

पढ़ें पेज-2 पर

## खबर संक्षेप

### नीति आयोग के सीईओ बने अनुराग जैन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन को नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। 1989 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन, नीति आयोग में पदभार ग्रहण करने की तारीख से दो वर्ष तक इस पोस्ट पर रहेंगे। अनुराग जैन को 3 अक्टूबर 2024 को मध्य प्रदेश का मुख्य सचिव बनाया गया था। *एजेंसी*

### राजौरी में ऊंचाई से गिरने पर सैनिक की मौत

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास ऊंचाई से दुर्घटनावश गिरने के कारण सेना के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि 27 वर्षीय राइफलमैन सुखप्रीत सिंह सुंदरबनी सेक्टर में अग्रिम महादेव चौकी पर ड्यूटी कर रहे थे तभी संतुलन बिगड़ने से वह ऊंचाई से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### म्यांमार का ड्रग्स सरगना भारत में गिरफ्तार

**इंफाल।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने म्यांमार के एक बड़े ड्रग्स तस्कर को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से गिरफ्तार किया है। एजेंसी के मुताबिक, आरोपी म्यांमार के चिन राज्य का रहने वाला है और भारत तथा बांग्लादेश तक फैले अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का प्रमुख सप्लायर था। एनसीबी के बयान के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेन्गज़ातुआन उर्फ तुआनपी के रूप में हुई है। वह म्यांमार के चिन राज्य के हैचिन इलाके का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई महीनों से तैयारी चल रही थी। *एजेंसी*

## *अनंतनाग में आतंकी हमला* | अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात हेड कॉन्स्टेबल की हत्या

**द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली हमले की जिम्मेदारी**
**लश्कर से जुड़ा है यह आतंकी संगठन**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के लाल चौक इलाके में बुधवार को आतंकियों ने पुलिस पर हमला किया। इसमें हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक दोपहर करीब 12:30 बजे आतंकियों ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर अचानक फायरिंग की। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलियां चलीं। इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी (35) जख्मी हो गए।



उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमले के बाद आतंकी भाग गए। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। जिस जगह फायरिंग हुई, वह शहर का मुख्य बाजार है। यहां आम दिनों में भी काफी भीड़ रहती है।

### आतंकवादियों की तलाश तेज

घटना के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे लाल चौक और आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी। अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर भेजे गए और आतंकियों की तलाश में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इलाके में आने-जाने वाले सभी रास्तों पर नाकेबंदी कर वाहनों और लोगों की गहन जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हमले में कितने आतंकी शामिल थे और फायरिंग के बाद वे किस दिशा में भागे।

## ललित मोदी 16 साल बाद लौट सकते हैं भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी 16 साल बाद भारत लौटने की तैयारी में हैं। एक



ईडी का जुर्माना रद्द, आईपीएल का पैसा विदेश भेजने का केस

अपीलीय ट्रिब्यूनल ने 16 जुलाई को आईपीएल 2009 के दक्षिण अफ्रीका आयोजन से जुड़े फेमा मामले में फैसला सुनाया था। इसमें मोदी को राहत देते हुए ईडी के लगाए गए जुर्माने को रद्द कर दिया था। फैसले के बाद ललित मोदी ने कहा कि अब उनकी भारत वापसी का रास्ता साफ हो गया है और वह इस साल के आखिर या अगले साल की शुरुआत में भारत लौट सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अक्टूबर में बच्चे को जन्म देने वाली है, जिसके बाद वह भारत आने की योजना बना रहे हैं। यह मामला 2009 में आईपीएल को भारत से दक्षिण अफ्रीका ले जाने से जुड़ा है।

## *लगातार 11वीं रात किया हमला*

## अमेरिका ने ईरान के कई शहरों पर बरसाए बम



**चाबहार, कोनारक, तबरीज, बेहबहान और ओमीदियेह को बनाया निशाना**

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** यमन के ईरान से जुड़े हूती विद्रोहियों ने दुनियाभर की शिपिंग कंपनियों को धमकी दी है कि वे सऊदी अरब के बंदरगाहों पर माल लादने या उतारने से बचें और पोर्ट से दूर रहें। हूतियों ने कहा कि अगर कोई जहाज नहीं मानता है तो हम हमला करेंगे। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने कहा, 'सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी लागू कर दी गई है। यह कदम यमन पर लंबे समय से लागू सऊदी नेतृत्व वाली नाकेबंदी के जवाब में उठाया गया है। उधर, अमेरिका ने बुधवार तड़के ईरान के पांच शहरों में एक साथ एयर और मिसाइल स्ट्राइक की। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक चाबहार, कोनारक, तबरीज, बेहबहान और ओमीदियेह को निशाना बनाया गया।

### ट्रंप की धमकी- अब होर्मुज में हमला मत करना

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को बमबारी की धमकी दी है। ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में एक भी जहाज पर हमला हुआ तो ईरान में पुल और बिजली घरों को उड़ा देंगे। इसमें तेहरान की राजधानी के अंदर या उसके पास मौजूद पुल और बिजलीघर भी शामिल होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अब से अगर ईरान होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी जहाज पर मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी अन्य हथियार से हमला करता है, तो अमेरिका जवाब में ईरान के एक पुल या बिजलीघर को बम से उड़ा देगा।

## प्रदेश के सात जिलों में तेज बारिश, 2.5 डिग्री गिरा पारा

» *आज भी अच्छी बरसात, फिर कमजोर पड़ेगा मानसून*
» *27 से फिर बदलेगा मौसम, साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनेगा*

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा में मानसूनी बारिश हो रही है। बुधवार सुबह जींद, हिसार, फरीदाबाद, पानीपत, गुरुग्राम, पलवल और महेंद्रगढ़ में बारिश हुई। कैथल, भिवानी, करनाल, और सोनीपत में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी कई जिलों में तेज बारिश की हो सकती है। इसके बाद मानसून का असर कम होगा। हालांकि 27 को एक बार फिर मानसून एक्टिव होगा और पूरे प्रदेश में बारिश होगी। बरसात की वजह से तापमान में ढाई डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।



इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वर्तमान में मानसून ट्रफ औसत समुद्र तल पर अपनी सामान्य स्थिति के आसपास बनी हुई है। यह गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। इससे इस राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है।

### » जम्मू-कश्मीर में बाढ़, 3 दिन में 23 की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में बारिश का दौर जारी है। 5 राज्यों में सामान्य से भारी बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 4 जिलों में ऑरेंज, बाकी सभी में यलो अलर्ट है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में 24 से 48 घंटे में भारी से अतिभारी बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश में 10 दिन से हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। शारदा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। किनारों पर बसे गांवों में पानी घुस गया है। हालात ऐसे हैं कि सड़कों और खेतों में मगरमच्छ दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। उधर, जम्मू-कश्मीर के पुंछ, राजौरी और डोडा जिलों में 19 जुलाई से बारिश जारी है। बाढ़ का पानी घरों-दुकानों में घुस गया है। तीन दिनों में 23 लोगों की मौत हो गई है। अमरनाथ, वैष्णो देवी, शिव खोड़ी और माचिल देवी यात्रा 4 दिन से रुकी हुई है। (संबंधित खबर पेज 5 पर)

## फ्रांस में कीटनाशक पर बैन हटा पर्यावरण मंत्री का इस्तीफा



**पेरिस।** फ्रांस की पर्यावरण मंत्री मोनिक बारबू ने इस्तीफा देने का ऐलान किया है। उन्होंने यह फैसला विवादित कृषि बिल के विरोध में लिया है, जिसमें दो प्रतिबंधित कीटनाशकों के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये कीटनाशक मधुमक्खियों और दूसरे परागण करने वाले कीड़ों के लिए नुकसानदायक हैं। पर्यावरण मंत्री बनीं बारबू आज राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंपेंगी। फ्रांस की संसद ने मंगलवार को यह बिल पेश किया था। सीनेट ने 214-111 मतों से विधेयक पारित कर दिया। सरकार ने दावा किया कि ये कानून किसानों की मदद के लिए लाया जा रहा है। उसका कहना है कि किसानों को घटती कमाई और खेती की बढ़ती लागत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिबंधित कीटनाशकों एसेटामिप्रिड और फ्लुपाइराडीफ्यूरोन के इस्तेमाल की अस्थायी मंजूरी देना। इसका इस्तेमाल चुकंदर, सेब और चेरी की खेती में किया जा सकेगा। पर्यावरणविदों का कहना है कि इससे मधुमक्खियों की संख्या तेजी से घटेगी जिससे परागण पर असर पड़ेगा।

## श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट की बैठक में दो बड़े फैसले

# राम मंदिर में 9 संतों की बनी समिति, प्रवक्ता भी होंगे

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को अयोध्या में 2 बड़े फैसले लिए हैं। पहला- 9 संतों की एक धार्मिक समिति बनाई गई है। जिसमें 5 संत अयोध्या से और 4 संत मंदिर ट्रस्ट से शामिल किए गए हैं। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। दूसरा- ट्रस्ट का एक प्रवक्ता होगा। सचिव भी बनाया जाएगा। यह बैठक दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक श्री स्वामी मणि रामदास छावनी में हुई। ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में संकेत दिए गए कि चढ़ावे की गिनती और जमा रखने वाले एसबीआई बैंक से करार खत्म हो सकता है।

### सीईओ के चयन में लगेगा समय



#### श्रद्धालुओं की संख्या में नहीं आई कमी

ट्रस्ट ने कहा कि विभिन्न आरोपों और दुष्प्रचार के बावजूद राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। इसे करोड़ों रामभक्तों की अटूट आस्था का प्रमाण बताते हुए संत समाज, श्रद्धालुओं और अयोध्यावासियों का आभार जताया गया।

बैठक में स्थाई महासचिव और सीईओ के चयन पर अभी कोई सहमति नहीं बन पाई है। चंद्रमोहन ही अभी कार्यवाहक महासचिव रहेंगे। अगली बैठक 2 सितंबर को होगी। उसी में नए महासचिव और सीईओ के नामों का ऐलान किया जाएगा। महासचिव पद के लिए अभी विश्व हिंदू परिषद के महासचिव बजरंग लाल बांगड़ा का नाम सबसे आगे है। वे बैठक में भी शामिल हुए। चढ़ावा चोरी के बाद यह दूसरी बैठक थी। 6 जुलाई को ट्रस्ट की बैठक में चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार किए गए थे। रिटायर आईएफएस अफसर कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया था। चढ़ावा चोरी के बाद चंपत राय और अनिल मिश्रा ने 26 जून को इस्तीफा दे दिया था।

### एसबीआई की लापरवाही पर नाराजगी

राम मंदिर में चढ़ावे की गिनती के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ करार हुआ था। बैंक की तरफ से चढ़ावा गिनती के लिए रखे गए लोग आरोपी निकले। संतों ने बैंक की भूमिका पर नाराजगी जाहिर की। वित्त समिति को पूरे मामले की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं।

# हर जिले में स्टार्टअप्स को मिलेगा बढ़ावा 10 नए औद्योगिक क्लस्टर होंगे स्थापित

■ स्टार्टअप एडवाइजरी काउंसिल हरियाणा का गठन किया जाएगा : मुख्यमंत्री



बरवाला में बनेगा आधुनिक वुडन जोन, महिला उद्यमियों के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में क्रैच बनेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा विजन@2047 को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश में औद्योगिक विकास, स्टार्टअप, एमएसएमई और कौशल विकास के क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जिले में स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जाए और उद्यमियों को नया व्यवसाय शुरू करने में किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा न आए। मुख्यमंत्री सिविल सचिवालय में विजन-टू-एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एमएसएमई, उद्योग, स्टार्टअप और एचएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बरवाला में आधुनिक वुडन जोन और वुडन मार्केट विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों की आय बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही प्रत्येक जिले में स्वदेशी मेलों का आयोजन करने तथा स्वयं सहायता समूहों को राखी सहित अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए वॉलमार्ट और अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने के निर्देश दिए। व्यापार सुगमता बढ़ाने के लिए राज्य में राज्य नवाचार एवं एमएसएमई परिषद और स्टार्टअप एडवाइजरी काउंसिल हरियाणा का गठन किया जाएगा। पुनर्गठित सिंगल विंडो प्रणाली के तहत व्यावसायिक स्वीकृतियों का समय 45 दिन से घटाकर 30 दिन किया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कौशल केंद्र स्थापित होंगे

कौशल विकास के तहत 100 उच्च क्षमता वाले ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कौशल केंद्र स्थापित होंगे। पीएम सेतु योजना के अंतर्गत आईटीआई में नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे तथा कम से कम 25 उद्योग-संचालित आईटीआई को निजी उद्योगों द्वारा गोद लिया जाएगा, ताकि 70 प्रतिशत से अधिक युवाओं को सीधे रोजगार मिल सके। नई नीति के तहत सोलर रूफटॉप अपनाने वाले 2,000 से अधिक एमएसएमई को वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा। पानीपत में 10 हजार टन प्रतिवर्ष क्षमता का ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट भी स्थापित किया जाएगा। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 'महिला उद्यमिता मंच' के तहत 11.5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे 500 से 600 महिला उद्यमियों को मेंटरिंग और वित्तीय सहायता मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्रों में महिलाओं की सुविधा के लिए क्रैच भी स्थापित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने गोशाला के नवीनीकरण कार्य का किया शुभारंभ

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने बुधवार को लोक भवन स्थित गोशाला के नवीनीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। नवीनीकरण कार्य के अंतर्गत गोशाला में गायों के लिए आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शेडों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, गोवंश के संरक्षण, देखभाल एवं रखरखाव के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का भी विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा जिससे गौशाला में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सकें।

### लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई करे सरकार

**चंडीगढ़।** इनेलो अध्यक्ष अभय चौटाला ने जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर सरकार द्वारा कराए अमानवीय लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़ने, पैलेट गन का इस्तेमाल, कील लगी लाठियों से बेरहमी से पीटने और लड़कियों के कपड़े फाड़ने की घटना की कड़ी निंदा की है। अभय चौटाला ने कहा कि यह घटना लोकतंत्र की हत्या और पुलिसिया फासीवाद का काला अध्याय है। छात्र अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन बीजेपी सरकार ने उन्हें दुश्मन समझ कर बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं।

### दिव्यांग बच्चे को मिलेंगे बायोनिक कृत्रिम अंग

**चंडीगढ़।** सरकार ने पानीपत के दिव्यांग बच्चे के लिए लगभग 35 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक बायोनिक कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने को मंजूरी दी है। यह बच्चा करंट लगने की दुर्घटना में अपने दोनों हाथ और एक पैर खो चुका था। यह निर्णय हरियाणा मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल की 40वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने की। बैठक में राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार पर भी मंथन किया गया।

## पंजाब के राजपुरा में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में की शिरकत



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता, सेवा और मानवता के कल्याण का जीवंत संदेश है। यह यात्रा हमें प्रेम, सेवा, समानता और राष्ट्र एकता का मार्ग दिखाती है तथा समाज को जोड़ने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब के राजपुरा में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और श्रद्धालुओं को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींची और झाड़ू लगाकर उपस्थितगण को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र जी तथा माता सुभद्रा के चरणों में शीश नवाते हुए कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ सम्पूर्ण मानवता के नाथ हैं। उनके दरबार में किसी प्रकार का ऊंच-नीच, जाति, वर्ग अथवा अमीरी-गरीबी का भेद नहीं होता। रथ यात्रा का सबसे बड़ा संदेश यही है कि ईश्वर के समक्ष सभी समान हैं और प्रेम, सेवा तथा समर्पण ही सच्ची भक्ति का आधार हैं।

### समाचार का हर शब्द समय का दस्तावेज : नायब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पत्रकार केवल समाचार नहीं लिखते, बल्कि वर्तमान को शब्द देते हैं और भविष्य के इतिहास को आकार देते हैं। समाचार का हर शब्द समय का दस्तावेज होता है और हर तस्वीर समाज की चेतना का दर्पण बन जाती है। मुख्यमंत्री बुधवार को संत कबीर कुटीर पर सीनियर जर्नलिस्ट्स फोरम चंडीगढ़ से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## प्रदेश में 99.99 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित : श्रीनिवास

**चंडीगढ़।** प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अब तक 2,06,54,668 (99.99 प्रतिशत) मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से 1,72,28,926 (83.41 प्रतिशत) गणना प्रपत्रों को बीएलओ द्वारा डिजिटाइज्ड/अपलोड भी किया जा चुका है। शेष मतदाताओं के पास अपने भरे हुए गणना प्रपत्र बीएलओ को वापस जमा कराने के लिए केवल दो दिन का समय शेष है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र की दो प्रतियां उपलब्ध कराई गई हैं। मतदाता द्वारा अपना विवरण भरकर स्वयं अथवा परिवार के किसी सदस्य के हस्ताक्षर करने के बाद एक प्रति बीएलओ को जमा करनी है जबकि बीएलओ के हस्ताक्षरयुक्त दूसरी प्रति रसीद के रूप में अपने पास सुरक्षित रखनी है।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी

**मुकदमा नंबर 23 दिनांक 19.02.2026 धारा 127(6) BNS थाना बौंदकला जिला चरखी दादरी**

**गुमशुदा की पहचान**



गुमशुदा की तलाश करने बारे।
हुलिया - रंग सांवला, कद 5 फुट 4 इंच, उम्र 30 वर्ष हरे रंग का सूट-सलवार पहने हुए।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेशमा पत्नी विक्रम निवासी गांव साजरवास जिला चरखी दादरी (हरियाणा) दिनांक 15/16-02-2026 की रात को अपने घर से बिना बताये चली गई जो अभी तक वापस नहीं लौटी है। अतः आमजन से निवेदन है कि अगर किसी को इसके बारे में कोई सुराग मिले तो कृपया नीचे दिये गये मोबाइल नंबरों पर सूचित करे।
प्रबंधक थाना बौंदकला- 7419301107
अनुसंधानकर्ता ASI कांता रानी थाना बौंदकला - 7419301137
विक्रम निवासी सांजरवास -8930262827
**पुलिस प्रवक्ता चरखी दादरी,**
**कृते पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी।**
पीआरडीएच-1084/11/5066/2027/47406/88/6 दि. 22.07.26

### THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILL LTD.
BHALI ANANDPUR, ROHTAK
LiFE Lifestyle for Environment
Email: rtk.sugar@gmail.com, website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800

**ई-निविदा सूचना**

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लि., भाली आनन्दपुर, रोहतक हेतू मूल निर्माताओं/अधिकृत वितरकों एवं पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं :-

**आईट्मस का विवरण :-**

1. पावर टरबाइन की ऑवरहालिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
2. ट्रैवलिंग ग्रेट बार, ऐश हैंडलिंग एवं ब्वायलर के सभी वाल्वस की ऑवरहालिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
3. चेन की ऑवरहालिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
4. मिल नं. 1,2,3 व 4 एवं फाइबराइजर की ऑवरहालिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
5. इंजेक्शन, स्प्रे, कॉन्टीन्यूअस मशीनस, बैच टाइप मशीन एवं शुगर हैंडलिंग सिस्टम की आवरहालिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
6. बिजली की मोटरें एवं मैम्बरेन फिल्टर प्रैस की ऑवरहालिंग का कार्य ठेके पर करवाना।

निविदा दस्तावेज विवरण, मात्रा, विनिर्देशन तथा अन्य नियम व शर्तों के साथ पोर्टल etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध है। सभी निविदाएं दिनांक 28.07.2026 को प्रातः 9:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल etenders.hry.nic.in पर जमा की जाएंगी एवं तकनीकी व वित्तिय निविदाएं दिनांक 28.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे खोली जाएंगी। निविदादाता अपनी दरें न्यूनतम आधार पर देवें।

उक्त बारे यदि आवश्यक हुआ तो नैगोसिएशन दिनांक 29.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे मिल कार्यालय में की जाएगी। उपरोक्त सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए निविदादाता मोबाइल नं.- 8192009468 या 7027481000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**हस्ता/- मुख्य अभियंता**
**कृते : प्रबन्ध निदेशक**
संवाद विज्ञा. सं.-1039/11/134/2027/47424/सी/88/6 दि. 22.07.26


## बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों को मिलेगा आयुष्मान का लाभ

■ मिशन वात्सल्य के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा और पुनर्वास सेवाएं होंगी और मजबूत



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मिशन वात्सल्य के तहत बाल संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और पुनर्वास व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अब राज्य के बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले पात्र बच्चों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कवरेज भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में बच्चों के संरक्षण, देखभाल और पुनर्वास को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं, ब्रिज एजुकेशन, कौशल विकास, दत्तक ग्रहण, खेल गतिविधियों, कानूनी सहायता तथा संस्थागत आधारभूत ढांचे को मजबूत करने संबंधी कई प्रस्तावों पर सहमति बनी। मुख्य सचिव ने कहा कि मिशन वात्सल्य के माध्यम से देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों तथा कानून से संघर्षरत बच्चों को स्वास्थ्य, शिक्षा, परामर्श, पुनर्वास और कानूनी सहायता जैसी सेवाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय के साथ समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## रिश्वतखोरों पर एसीबी का शिकंजा 140 अफसर-कर्मचारी रडार पर

■ लगातार शिकायतों के आधार पर तैयार की गई सूची, सभी रेंज से मांगी गई रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बार-बार रिश्वत मांगने वाले सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर अब सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी एंड एसीबी) की कड़ी नजर रहेगी। ब्यूरो ने ऐसे 140 अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार की है, जिनके खिलाफ लगातार रिश्वत मांगने की शिकायतें मिली हैं। इस सूची को प्रत्येक सप्ताह अपडेट किया जाएगा और नई शिकायतों के आधार पर नए नाम भी जोड़े जाएंगे। पंचकूला स्थित ब्यूरो मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में ब्यूरो प्रमुख अर्शिंदर सिंह चावला ने सभी रेंज अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के आरोपों वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान कर एक सप्ताह के भीतर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सूची किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम लोगों को राहत देने के उद्देश्य से तैयार की जा रही है।

चावला ने कहा कि भ्रष्टाचार सरकारी व्यवस्था को भीतर से कमजोर करता है, इसलिए कार्रवाई करते समय किसी अधिकारी का पद, प्रभाव या रसूख नहीं देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रतिदिन एक भी रिश्वतखोर अधिकारी रंगे हाथ पकड़ा जाता है तो उसका व्यापक संदेश जाता है और अन्य लोग भी रिश्वत लेने से पहले सोचने को मजबूर होते हैं। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा की रिश्वतखोरों को पकड़ने के लिए हाईटेक तरीकों का इस्तेमाल किया जाएगा।

## गन्नौर बागवानी मंडी का 67% निर्माण पूरा



**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट (आईआईएचएम), गन्नौर परियोजना का शेष कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना प्रदेश के बागवानी क्षेत्र को नई दिशा देगी और किसानों को आधुनिक बाजार के साथ अपने उत्पादों को वैश्विक स्तर पर बेचने का अवसर उपलब्ध कराएगी। चंडीगढ़ में हरियाणा राष्ट्रीय बागवानी विपणन निगम लिमिटेड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री ने परियोजना से जुड़े छह प्रमुख एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का 67 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और बिजनेस प्लान तैयार करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसे इसी माह आवंटित किए जाने की संभावना है। कृषि मंत्री ने शेष निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि परियोजना शीघ्र शुरू की जा सके।

## हार्ट अटैक पर मिनटों में मिलेगा विशेषज्ञ इलाज 600 नागरिक अस्पतालों में टेली-ईसीजी सेवा शुरू



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों में मरीजों को समय पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने के लिए राज्य के 600 सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टेली-ईसीजी सेवा शुरू कर दी है। इस सुविधा के जरिए मरीज की ईसीजी रिपोर्ट कुछ ही मिनटों में हृदय रोग विशेषज्ञ तक पहुंच जाती है, जिससे इलाज शुरू करने का निर्णय तुरंत लिया जा सकता है। इससे हार्ट अटैक के दौरान सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले 'गोल्डन ऑवर' में मरीजों की जान बचाने की संभावना काफी बढ़ गई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि देश में होने वाली लगभग 63 प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और श्वसन संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं। ऐसे में समय पर जांच, शीघ्र निदान और विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि टेली-ईसीजी सेवा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई ईसीजी सीधे विशेषज्ञ कार्डियोलॉजिस्ट को भेजी जाती है। विशेषज्ञ 10 मिनट से भी कम समय में रिपोर्ट उपलब्ध करा देते हैं।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**डी.डी न. 31 दिनांक 17.07.26 धारा 194 BNSS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**
नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता- नामालूम ।
उम्र लगभग 35-40 वर्ष ।
कद- लगभग 5 फुट, 3 ईंच
हुलिया- रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा 1
दिनांक 17.07.26 को झज्जर रोड नजदीक तारा होटल रोहतक में एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश जिला रोहतक में पता नामालूम अज्ञात कारण से नाश मिली थी। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना शिवाजी कालोनी रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक – 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894 9996464100


परिवहन और उद्योग विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव, 28 की मंत्री समूह की बैठक में हो सकता है फैसला

# प्रदेश में ई-वाहन खरीद पर बड़ी सौगात की तैयारी, रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस हो सकती है पूरी तरह माफ

स्कूलों, कॉलेजों, निजी संस्थानों और उद्योगों को मिलेगा सीधा लाभ

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश नायब सिंह सैनी सरकार प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सरकार दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया इलेक्ट्रिकत वाहनों की खरीद पर रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क पूरी तरह माफ करने पर विचार कर रही है।

### मंथन में जुटे विभाग

इस प्रस्ताव पर 28 जुलाई को होने वाली मंत्री समूह की बैठक में अंतिम फैसला लिया जा सकता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, परिवहन और उद्योग विभाग ने इस संबंध में मंथन तेज कर दिया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, परिवहन मंत्री अनिल विज तथा दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच इस विषय पर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। सरकार का उद्देश्य प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक से अधिक बढ़ावा देना है।

नई व्यवस्था लागू होने पर निजी शिक्षण संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों, उद्योगों और अन्य संस्थानों को बड़ी राहत मिलेगी, जहां वाहनों का नियमित उपयोग होता है। इसके अलावा सरकारी विभाग भी ई-वाहनों की खरीद को बढ़ावा देंगे, क्योंकि कई विभाग पहले ही इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। हाल में ही राज्य सरकार ने सरकारी विभागों से ई-वाहनों पर फोकस करने के निर्देश दिए थे। इससे प्रदेश में ईवी उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री और सरकार की मंत्री लगातार प्रदेश में नई वाहन क्रांति लाने के लिए प्रयासरत है।

### अन्य राज्यों की तर्ज पर मिलेगी राहत




दिल्ली, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ सहित कई राज्यों में पहले से ही इलेक्ट्रिक वाहनों पर रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क में छूट या पूरी राहत दी जा रही है। इसी तर्ज पर हरियाणा भी अपनी ईवी नीति को अधिक आकर्षक बनाने की तैयारी में है। सूत्रों का कहना है कि वर्तमान में ईवी पर मिल रही लगभग 20 प्रतिशत राहत को बढ़ाकर शत-प्रतिशत करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### वाहन मालिक रेंट एग्रीमेंट करवा रहे थे

दिल्ली, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ होने के कारण हरियाणा के कई वाहन मालिक रेंट एग्रीमेंट के आधार पर वहां वाहन पंजीकृत कराते रहे हैं। यदि हरियाणा में भी यह व्यवस्था लागू होती है तो वाहन मालिकों को हजारों रुपये की सीधी बचत होगी और राज्य में ही वाहन पंजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। सूत्रों के अनुसार, उद्योग विभाग नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत सब्सिडी और अन्य प्रोत्साहनों पर भी विचार कर रहा है। प्रस्ताव को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इसे मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए रखा जाएगा। यदि मंजूरी मिलती है तो हरियाणा वाहनों को प्रोत्साहित करने वाले प्रमुख राज्यों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। इससे इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों लोगों को भी सीधा फायदा होगा। सड़कों पर प्रदूषण भी कम करने में मदद मिलेगी।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 182 दिनांक 21.07.26 धारा 127 (6) BNSS थाना सदर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे**
नाम
पिता/पति का नाम – आरती व लडका विराट, हस्ते
पता- निवासी समरगोपाल जिला रोहतक
उम्र- 27 वर्ष
कद-4.3 फुट ।
हुलिया- पतला शरीर, लाल रंग व हरा सुट टी शर्ट, व बच्चे स्कुल डैर्स पहने हुआ था
जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 70829994119,7082999110
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894
पीआरडीएच-1084/11/5064/2027/47401/88/6 दि. 22.07.26

## खबर संक्षेप

### माइनर में बोरी में बंद युवक का शव मिला

**जींद।** गांव खांडा के निकट से गुजरने वाली सिंघाना माइनर की टेल पर पुलिस ने बोरी में बंद युवक का शव बरामद किया है। युवक की हत्या करने के बाद उसे नहर या माइनर में बोरी में बंद कर खुर्द बुर्द करने की नियत से डाला गया है। अलेवा थाना पुलिस ने गांव के चौकीदार की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या तथा शव को खुर्द बुर्द करने का मामला दर्ज किया है। शव की शिनाख्त न होने के कारण शव को नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। माइनर में यह बोरी पहले किसानों ने देखी। बोरी की सिलाई की गई थी। बोरी के अंदर से मानव का हाथ निकला हुआ था। जब पुलिस ने बोरी को खोला तो उसमें युवक का शव मिला। मृतक की उम्र लगभग 35 साल है और उसने चैकदार कमीज, काले रंग का लोवर, दाहिने हाथ में कड़ा पहना हुआ। शव लगभग चार से पांच दिन पुराना है।

### पुलिस जवान को मोटे मुनाफा का लालच देकर युवती ने ठगा

**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया पर दोस्ती हरियाणा पुलिस के जवान पर भारी पड़ गई। फेसबुक पर आयशा खान नाम से जुड़ी एक युवती ने पहले विश्वास जीता और फिर शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का लालच देकर करीब 19.69 लाख रुपये की ठगी कर ली। जब पुलिसकर्मी ने निवेश की गई रकम वापस निकालनी चाही तो उसे ठगी का पता चला। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-30 पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मचारी फैजल ने बताया कि वह मूल रूप से जिला पुन्हाना का रहने वाला है। 12 जून को फेसबुक पर एक युवती की फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली। इसके बाद उसने विश्वास जीतकर शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर पैसे ऐंठ लिए।

### बॉस्केट पोल गिरने से घायल होने पर सोसायटी मैनेजमेंट पर केस

**गुरुग्राम।** सेक्टर 84 स्थित अंतरिक्ष हाइट्स सोसायटी में भारी-भरकम बास्केटबॉल पोल गिरकर एक युवक के घायल होने के मामले में सोसाइटी प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया गया है। हादसे में कार्तिक दलाल नाम के युवक की रीढ़ की हड्डी में तीन जगह फ्रेक्चर हो गया है और वो अस्पताल में दाखिल है। सोसाइटी के निवासियों का आरोप है कि खेल परिसर और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का रखरखाव लंबे समय से ठीक से नहीं किया जा रहा था। बास्केटबॉल पोल का आधार कमजोर हो चुका था, जिसकी शिकायत पहले भी प्रबंधन से की गई थी, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और सार्वजनिक संपत्तियों के खराब रखरखाव के आरोप में सोसाइटी प्रबंधन के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। बता दें कि इससे पहले रोहतक व झज्जर जिले में बॉस्केटबॉल पोल गिरने से दो युवकों की मौत हो चुकी है।

## दिल्ली में कांग्रेसियों व छात्रों के प्रदर्शन में बवाल पर कांग्रेस व भाजपा आमने-सामने

# कांग्रेसियों ने पंचकूला में घेरा बीजेपी ऑफिस भाजपा ने रोहतक में कांग्रेस भवन पर की नारेबाजी

- पंचकूला में कांग्रेस प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष समेत कई विधायक व नेता हिरासत में लिए, बाद में छोड़ा
- रोहतक में कांग्रेस भवन के बाहर भाजपाइयों और कांग्रेसियों में दोनों ओर से हुई नारेबाजी
- प्रदेश के करीब सभी जिलों में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, कई नेताओं को पुलिस ने नजरबंद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पुलिस हिरासत में लिए जाने व जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को हरियाणा के हर जिले में कांग्रेसियों ने रोषस्वरूप जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पंचकूला स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय का घेराव किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र और कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। पूर्व डिप्टी सीएम और विधायक चंद्रमोहन, प्रभारी दत्त सहित सौ से ज्यादा नेताओं को बसों में बैठाकर हिसारत में ले लिया, जिन्हें बाद में छोड़ा गया।

वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में रोहतक में कांग्रेस भवन के बाहर भाजपाइयों ने जोरदार नारेबाजी की। एक समय तो कांग्रेस भवन से बाहर आकर कांग्रेसियों ने भी भाजपाइयों के सामने डटकर नारेबाजी की। इस दौरान जिंदाबाद और मुर्दाबाद के नारों से चौक गूंज उठा। दोनों ओर के कार्यकर्ताओं के बीच में पुलिस दीवार बनकर खड़ी रही। वहीं, कई जिलों में कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करने के भी समाचार सामने आए हैं।



पंचकूला। भाजपा कार्यालय के पास नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेता।



रोहतक। कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन को संबोधित करतीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता।

### सरकार दमन का रास्ता अपना रही : दत्त

पंचकूला में हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर मोगी नंद पुलिस लाइन भेज दिया। थाना परिसर में कांग्रेस नेताओं ने जोरदार नारेबाजी की। हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य से जुड़े गंभीर प्रश्नों का उत्तर देने के बजाय दमन और गिरफ्तारी का रास्ता अपना रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल इस्तीफा दें। पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं के मुद्दे पर संसद में तत्काल चर्चा कराई जाए। छात्रों एवं आंदोलनकारियों के विरुद्ध दर्ज सभी एफआईआर और मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार यह भ्रम पाल रही है कि लाठीचार्ज, गिरफ्तारियों और दमन से छात्रों की आवाज को दबाया जा सकता है। इस अवसर पर चंद्रमोहन, आफताब अहमद, भारत भूषण बत्रा, गीता भुक्कल, परमवीर सिंह, इंदु राज नरवाल, चंद्र प्रकाश, बलराम डांगी, जस्सी पेटवाड़, देवेंद्र हंस, गोकुल सेतिया आदि मौजूद रहे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी नेताओं के खिलाफ किए गए बल प्रयोग की कड़े शब्दों में निंदा की है।

### कांग्रेसी नेता घर में नजरबंद किए

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में क्राइम ब्रांच और पुलिस की टीमों ने कांग्रेस नेताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए उनके घरों में नजरबंद किया। तिगांव से कांग्रेस से पूर्व में चुनाव लड़े रोहित नागर, यशपाल नागर, ओल्ड फरीदाबाद से लखन सिंगला, एनआईटी से सतवीर डागर, पूर्व विधायक नीरज शर्मा तथा बल्लभगढ़ से मनोज अग्रवाल समेत कई अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के घरों पर सुबह से ही पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए।

**यमुनानगर में पुतला फूंका :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा व केंद्र सरकार का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया।

**सोनीपत में कांग्रेसियों के घर पर पहुंची पुलिस :** पुलिस ने सोनीपत ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, रणजीत कौशिक, संजय बड़वासनिया और अंकित दहिया समेत कई नेताओं के घरों पर पुलिस मौजूद रही। दोपहर करीब दो बजे कांग्रेस कार्यकर्ता लघु सचिवालय पहुंचे और मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन मर्यादाओं के खिलाफ : डॉ. गुप्ता

रोहतक में कांग्रेस भवन के सामने भाजपा ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास के बाहर राहुल गांधी और कांग्रेस का प्रदर्शन लोकतांत्रिक मर्यादाओं और देश की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रधानमंत्री के निवास पर प्रदर्शन करना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पेपर लीक पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। 2014 से पहले कई बार पेपर लीक हुए, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि जैसे ही पेपर लीक का मामला सामने आया शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तुरंत एक्शन किया और ठीक तरीके से परीक्षाएं कराई। धरने को पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल आदि ने संबोधित किया।

## नूंह में पुलिस मुठभेड़ गो तस्कर को पैर में गोली मारकर पकड़ा



**नूंह (कासिम खान)।** जिले की सीएस स्टाफ टीम और गो - तस्करों के बीच बुधवार को हुई पुलिस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से पांच गोवंश को मुक्त कराने के साथ एक अवैध हथियार और एक पिकअप वाहन भी बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता की ओर से बताया गया कि सीएस स्टाफ टीम गो - तस्करी और गोकशी संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए आकेड़ा - शिकरावा रोड पर गांव रीठठ के पास नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक पिकअप में गोवंश को लेकर आ रहे हैं। आरोपी नाका तोड़कर भागे तो पीछा करते हुए वाहन उजीना - संगेल रोड होते हुए चंदेनी ड्रेन की पटरी की ओर पहुंचा। आगे रास्ता खराब होने के कारण दोनों आरोपी वाहन छोड़कर भागने लगे। एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, इस दौरान आत्मरक्षा और सरकारी कार्य में बाधा को रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी। दूसरा आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार घायल आरोपी की पहचान ईरशाद उर्फ शाद निवासी रूपड़ाका, हाल निवासी जलेबा खां कॉलोनी, हथीन के रूप में हुई है। फरार आरोपी की पहचान मुस्तकीम निवासी रूपड़ाका के रूप में बताई गई है।

# पिता ने 5 वर्षीय मासूम बेटी को नहर में फेंका

- बच्ची को स्कूल से लाया था, घर जाकर पत्नी को बताई सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

क्षेत्र के गांव खूनन में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां तीन बेटियों के जन्म के बाद मानसिक तनाव से जूझ रहे एक 33 वर्षीय सिरफिरे पिता ने अपनी ही 5 वर्षीय मासूम बेटी को भाखड़ा नहर में फेंक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद युवक ने खुद घर जाकर अपनी पत्नी को इस खौफनाक कदम की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार और पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और बच्ची की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव खूनन निवासी 33 वर्षीय गुरप्रीत सिंह, जो पेशे से किसान है, बुधवार सुबह अपनी 5 वर्षीय बेटी गुरुनिवास कौर के रॉयल पब्लिक स्कूल, बहबलपुर पहुंचा। वह बच्ची को बाइक पर बैठाकर रोझांवाली के पास भाखड़ा नहर के पुल पर ले गया और उसे नहर में फेंक दिया। इसके बाद वह सीधे घर पहुंचा और अपनी पत्नी को पूरी बात बताई।



रतिया। बच्ची की तलाश में नहर किनारे इकट्ठा हुए लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### तीसरी बेटी के जन्म के बाद से डिप्रेशन में था

ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि गुरप्रीत सिंह की तीन बेटियां थीं, जिनमें से एक बेटी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। तीसरी बेटी के जन्म के बाद से ही गुरप्रीत गंभीर मानसिक तनाव से ग्रसित हो गया था। उसका हिसार के एक अस्पताल से मानसिक बीमारी का इलाज भी चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी डिप्रेशन के चलते उसने यह कदम उठाया। सदर थाना प्रभारी शीशपाल सिंह ने बताया कि बच्ची की तलाश के लिए गोताखोरों की मदद ली जा रही है। विशेष दल इस काम में लगा हुआ है।

# चालक के ब्लड कैंसर पीड़ित बच्चे के लिए पुलिस आयुक्त ने जुटाई 5 लाख की मदद

- एचकेआरएनएल के तहत महिला थाने में तैनात है चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएनएल) के माध्यम से पुलिस विभाग में चालक के पद पर कार्यरत विकास के सात वर्षीय ब्लड कैंसर पीड़ित पुत्र के उपचार के लिए पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। विकास महिला थाना सोनीपत में चालक के रूप में कार्यरत हैं। उनका पुत्र ब्लड कैंसर से पीड़ित है और उपचार पर भारी खर्च आ रहा है। ऐसे में पुलिस आयुक्त के प्रयासों से यह आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। ममता सिंह ने कहा कि पुलिस परिवार अपने सदस्यों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहता है।



सोनीपत। विकास को चेक सौंपते हुए पुलिस आयुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

# मेडिकल कॉलेज की छठी मंजिल से कूदकर छात्र ने किया सुसाइड

- डॉक्टर दंपति का बेटा एमबीबीएस के फोर्थ ईयर का था स्टूडेंट, पढ़ाई का बताया जा रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) सेक्टर-32 में मंगलवार रात एक एमबीबीएस फोर्थ ईयर स्टूडेंट ने अस्पताल की छठी मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्र की पहचान सेक्टर-32 निवासी करण सिंह संधू (23) के रूप में हुई। उसके पिता डॉ. सरबजीत सिंह और माता डॉ. नवरीत संधू सेक्टर-35 में डेंटल क्लीनिक चलाते हैं। मंगलवार शाम करीब 7 बजे करण घर से यह कहकर निकला था कि वह लाइब्रेरी जा रहा है और रात 9 बजे तक लौट आएगा। रात करीब 8:20 बजे उसने अपने करीबी दोस्तों को एक-एक कर 'गुडबाय' मैसेज भेजा और करीब 10 मिनट बाद छठी मंजिल से छलांग लगा दी। दोस्तों को उसे बचाने का मौका ही नहीं मिला। बताया जा रहा है कि करण पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव और मेडिकल की पढ़ाई के दबाव में था। हालांकि पूरी जांच के बाद ही असलियत सामने आएगी।

## लुवास के वैज्ञानिकों की नई खोज रखेगी निरोग

# चिया सीड से बनाई पौष्टिक मिल्क बार

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के पशु उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिकों ने चिया सीड युक्त 'न्यूट्रिफिट मिल्क बार' विकसित की है। यह स्वास्थ्यवर्धक, उच्च प्रोटीन और फाइबर से भरपूर रेडी-टू-ईट स्नैक है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह उत्पाद बच्चों, युवाओं, खिलाड़ियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।

वैज्ञानिकों ने बताया कि न्यूट्रिफिट मिल्क बार के निर्माण में स्किम मिल्क पाउडर, मानकीकृत दूध, कोको पाउडर, बादाम फ्लेक्स तथा प्राकृतिक मिठास के लिए शहद अथवा गुड़ पाउडर का उपयोग किया गया है। शोध के दौरान स्किम मिल्क पाउडर के स्थान पर 5 और 10 प्रतिशत चिया सीड पाउडर मिलाकर विभिन्न फॉर्मूलेशन तैयार किए गए।

अध्ययन में विकसित दो प्रमुख फॉर्मूलेशन-10 प्रतिशत चिया सीड, स्किम मिल्क पाउडर एवं मानकीकृत दूध (4:1 अनुपात) के साथ शहद तथा स्किम मिल्क पाउडर एवं मानकीकृत दूध (2:1 अनुपात) के साथ गुड़ पाउडर-सबसे प्रभावी पाए गए। ये उत्पाद 01 डिग्री सेल्सियस पर 45 दिन, 41 डिग्री सेल्सियस पर 21 दिन तथा सामान्य तापमान पर 12 दिन तक सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बने रहे।

### 23.9 प्रतिशत प्रोटीन मिलेगा



शोध में सामने आया कि चिया सीड पोषण का उत्कृष्ट स्रोत है। इसमें लगभग 23.9 प्रतिशत प्रोटीन, 29.5 प्रतिशत वसा, 49.5 प्रतिशत अघुलनशील आहार रेशा (डाइटरी फाइबर), 0.98 प्रतिशत खनिज तथा पर्याप्त मात्रा में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं। इन्हीं गुणों के कारण चिया सीड को 'सुपर फूड' की श्रेणी में शामिल किया जाता है। अध्ययन के परिणामों के अनुसार 10 प्रतिशत चिया सीड पाउडर से तैयार न्यूट्रिफिट मिल्क बार में प्रोटीन की मात्रा अधिक, जबकि वसा और नमी की मात्रा अपेक्षाकृत कम पाई गई।



लुवास के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मोनिका का कहना है कि वैज्ञानिकों ने कड़ी मेहनत से यह चिया सीड युक्त 'न्यूट्रिफिट मिल्क बार' विकसित की है। यह उत्पाद बच्चों, युवाओं, खिलाड़ियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।



नीट विवाद पर संसद में बढ़ी तकरार, सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से चले 'शब्दबाण'

# भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर की बड़ी टिप्पणी, गिरिराज बोले उनके दिल भी कपड़ों की तरह काले हैं, सरकार चर्चा को तैयार और वे भाग रहे

## विपक्ष संसद की कार्यवाही कर रहा बाधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट यूजी पेपर लीक मामले पर विपक्ष के लगातार हंगामे और काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा ने बुधवार को विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्षी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि उनके दिल भी उनके कपड़ों की तरह काले हैं। सरकार मामले पर चर्चा के लिए तैयार होने के बावजूद विपक्ष संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। गिरिराज ने कहा कि विपक्ष जानबूझकर बहस से बच रहा है और छात्रों की समस्याओं का



राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष और कांग्रेस संसद को चलने नहीं देना चाहते। सरकार ने चर्चा का प्रस्ताव दिया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। उनके दिल भी उतने ही काले हैं जितने उनके कपड़े।

## राजनाथ सिंह का विपक्ष पर हमला

### छात्रों को राजनीतिक हथियार बनाया जा रहा, संसद में करें चर्चा

संसद के मानसून सत्र के दौरान युवाओं और छात्रों के मुद्दे पर जारी सियासी घमासान के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है।



सिंह ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग देश के छात्रों और युवाओं का इस्तेमाल अपने राजनीतिक हथियार के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने इसे छात्रों को भटकाने का एक विफल प्रयास करार दिया। सिंह ने विश्वास जताया कि भारत का समझदार युवा इन सभी कोशिशों को अच्छी तरह समझता है और वह विकास तथा राष्ट्र निर्माण का रास्ता ही चुनेगा।

सिंह ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। विपक्ष संसद के बजाय सड़कों पर समाधान ढूंढने का अनुचित प्रयास कर रहा है। विपक्ष वास्तव में गंभीर है, तो सदन के भीतर मुद्दों पर चर्चा करे।

### युवाओं के कल्याण और न्याय के लिए प्रतिबद्ध

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार छात्रों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार युवाओं के प्रति संवेदनशील है और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी के साथ, खासकर छात्रों के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के कुछ नेता जनता के बीच बनावटी गुस्सा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में फिर दोहराया कि सरकार मामले पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन बहस का प्रारूप और समय सभी दलों के साथ चर्चा के बाद तय होगा।



विवाद को लेकर संसद के मानसून सत्र में तनाव जारी है। सरकार चर्चा का प्रस्ताव दे रही है, जबकि विपक्ष इस्तीफे के बिना चर्चा से इनकार कर रहा है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि संसद को राजनीतिक टकराव के बजाय राष्ट्रीय मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा का मंच बनना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर सत्ता की भूख और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि पेपर लीक किसी भी हाल में समर्थनीय नहीं है और सरकार ने इसकी गहन जांच शुरू कर दी है। उन्होंने प्रधान के इस्तीफे को समाधान नहीं बताया।

## पहले धर्मेंद्र प्रधान का 'इस्तीफा', फिर 'चर्चा'

संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को विपक्ष ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर हंगामा किया। हंगामे के बीच लोकसभा-राज्यसभा को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वे सदन



में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी चाहते हैं जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे दें। सदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि सरकार पिछले तीन दिन से लगातार नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा की पेशकश कर रही है। लेकिन विपक्ष मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। विपक्षी पार्टियां 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, पेपर लीक का विरोध कर रही हैं। छात्रों का अनशन 24वें दिन भी जारी है। जंतर-मंतर पर शाम को प्रदर्शनकारी फिर बढ़ गए।

## संसद में पीएम मोदी से मिले शरद और सुप्रिया

संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद परिसर में मुलाकात की। इस मुलाकात को मौजूदा राजनीतिक हालात और छात्रों के मुद्दों के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। इससे पहले शरद पवार और सुप्रिया सुले मंगलवार को जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। शरद ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह छात्रों और नागरिकों की मांगों को संवेदनशीलता के साथ सुने। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को अधिकार देता है और सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है।



काले कपड़ों में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल और अन्य नेता

पटना, हैदराबाद, और बेंगलुरु सहित कई प्रमुख शहरों में प्रदर्शन

# प्रदर्शनकारियों के गुस्से की आग दिल्ली से कई राज्यों तक पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक और परीक्षा में धांधली जैसे मुद्दों को लेकर छात्रों का आक्रोश जंतर-मंतर (दिल्ली), पटना, हैदराबाद, और बेंगलुरु सहित कई प्रमुख शहरों में फैल गया है।

- बिहार में छात्रों को पुलिस ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा
- छात्रों ने पत्थरबाजी की, पुलिस की गाड़ियों

केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी के साथ छात्रों ने उच्च स्तरीय जांच और पारदर्शी प्रणाली की मांग की है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारी संख्या में छात्र विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना के विश्वविद्यालयों/कैंपसों से भी व्यापक रैलियों और धरनों की तस्वीरें सामने आई हैं। बिहार की राजधानी पटना में पेपर लीक और धांधली के खिलाफ छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। पटना में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बुधवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस दौरान कई छात्र सड़क पर लेट गए।


पीसीसी मुख्यालय पर कांग्रेस नेता इस अंदाज में दिखे

*अन्ना हजारे का पीएम मोदी को पत्र ... कहा*

## मंत्री का इस्तीफा लेने से कमजोर नहीं होगी सरकार



सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली में जारी छात्र आंदोलन के समाधान के लिए संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है। अन्ना हजारे ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की विपक्षी मांगों के बीच सरकार को जवाबदेही तय करने की सलाह दी। उन्होंने लिखा कि यदि किसी मंत्री का इस्तीफा लिया जाता है, तो इससे सरकार कमजोर नहीं होगी, बल्कि अन्य मंत्रियों के बीच एक स्पष्ट संदेश जाएगा।

### सरकार खुद आए : दीपके

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभिजीत दीपके ने ऐलान किया कि अब उनकी तरफ से कोई भी सरकार से बात करने नहीं जाएगा, बल्कि सरकार को ही जंतर-मंतर पर बात करने के लिए आना होगा।

**रेल मंत्री वैष्णव बोले**

## 99.6% ब्रॉड गेज रेल नेटवर्क विद्युतीकृत, भारत में दुनिया में सबसे बड़ा नेटवर्क बना



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकृत रेलवे नेटवर्क वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज रेल नेटवर्क का 99.6 प्रतिशत हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। इस मामले में भारत केवल स्विट्जरलैंड (100 प्रतिशत) से थोड़ा पीछे है, हालांकि स्विट्जरलैंड का रेलवे नेटवर्क भारत की तुलना में काफी छोटा है। रेल मंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि रेलवे विद्युतीकरण के मामले में भारत- चीन (82 प्रतिशत), स्पेन (67 प्रतिशत), जापान (64 प्रतिशत), फ्रांस (60 प्रतिशत) और यूनाइटेड किंगडम (39 प्रतिशत) जैसे देशों से आगे निकल चुका है।


**खबर संक्षेप**

### अनुष्का के साथ कोहली ने प्रेमानंद के दर्शन किए




**वृंदावन।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली बुधवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे जहां दोनों ने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। कोहली इससे पहले आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद भी प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। मालूम हो कि आरसीबी ने इस सीजन खिताब अपने नाम किया था।

### तेलंगाना में सर्जरी के बाद 5 महिलाएं बीमार



**कामारेड्डी।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के बांसवाड़ा के अस्पताल में 10 दिन में महिलाओं की सी-सेक्शन सर्जरी हुई। सर्जरी के बाद 5 महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। इन महिलाओं को निजामाबाद के सरकारी जनरल अस्पताल और हैदराबाद के निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराना पड़ा। राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में सी-सेक्शन सर्जरी कराने वाली कई महिलाओं को किडनी संबंधी परेशानी आई थी।

### महाराष्ट्र में आज बंद का किया ऐलान



**मुंबई।** दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और उत्पीड़न के विरोध में वंचित बहुजन आघाडी द्वारा गुरुवार को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया गया है। इस दौरान बसों, लोकल ट्रेनों और मेट्रो जैसी आवश्यक सेवाओं के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद है, लेकिन शिक्षण संस्थानों और निजी प्रतिष्ठानों पर असर पड़ सकता है। राज्य में बसों और लोकल ट्रेन सामान्य रूप से चलेंगी। हालाँकि, बंद समर्थकों द्वारा सड़कों पर रैलियां निकाले जाने से कुछ मार्गों पर ट्रैफिक की समस्या हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धार्थ दवे के प्रयासों की सराहना की

# पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने के मामले में दिखी सकारात्मक प्रगति, कोर्ट 'संतुष्ट'

## न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में काम अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है और पिछले कुछ महीनों में स्थिति ने सकारात्मक रुख लिया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को इस मामले में न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) के रूप में सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पीठ ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि इस मामले में काम बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हमें सिद्धार्थ दवे के प्रयासों का श्रेय देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में इस मामले में सकारात्मक बदलाव आया है। सुप्रीम कोर्ट पुलिस थानों में काम कर रहे सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा था।



### पीठ ने दो अहम मुद्दों पर ध्यान दिलाया

पीठ ने दो अहम मुद्दों पर ध्यान दिलाया। पहला, पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने की योजना के लिए वित्तीय सहायता की अवधि बढ़ाने का और दूसरा, पहले से लगाए गए कैमरों के रखरखाव का। केंद्र सरकार की ओर से पेश कानून अधिकारी ने कहा कि वह इन दोनों पहलुओं पर संबंधित अधिकारियों से निर्देश लेकर अदालत को अवगत कराएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कानून अधिकारी को निर्देश प्राप्त करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को तय की।

छात्रों पर हुए लाठीचार्ज से भड़का बार एसोसिएशन

## स्टूडेंट्स पर हुए लाठीचार्ज पर नाराजगी जताई

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च के दौरान स्टूडेंट्स पर हुए कथित लाठीचार्ज पर नाराजगी जताई है। एसोसिएशन ने लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बहुत ज्यादा और बेहिसाब बल का इस्तेमाल किया गया है। यह एक परेशान करने वाला है और लोकतांत्रिक समाज में बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। एसोसिएशन ने बिना किसी भेदभाव के तुरंत जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।एसोसिएशन के अनुसार बेगुनाह स्टूडेंट्स पर हुए बेरहमी से लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करता है, जिससे कई स्टूडेंट्स को गंभीर चोटें आईं। इस घटना में एससीबीए के मेंबर्स समेत लीगल फ्रेटरनिटी के मेंबर्स भी घायल हुए।

एएसजी की 'पब्लिसिटी' वाली दलील पर हाईकोर्ट ने कहा

### जनहित याचिकाओं में हर पीड़ित का व्यक्तिगत आना जरूरी नहीं


दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद मार्च के दौरान पुलिस द्वारा कथित अत्यधिक बल प्रयोग के



खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। अदालत ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।एक पिटीशनर की तरफ से पेश सीनियर एडवोकेट एन. हरिहरन ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट के बाद जंतर-मंतर पर जमा हुई भीड़ बस अपने अधिकारों का दावा कर रही थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्टूडेंट्स पर कैसे हमला किया गया, और बताया कि उनके खिलाफ बहुत ज़्यादा बल का इस्तेमाल किया गया।

कोरोना के नए मामले चिंतनीय

# आंध्र में 4 की मौत, गुजरात में चंडीपुरा वायरस ने ली 8 जानें



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। आंध्र प्रदेश में अब तक सबसे ज्यादा 26 केस सामने आ चुके हैं। इसके अलावा, पहले से दूसरी बीमारियों से जूझ रहे 4 कोरोना मरीजों की मौत हो गई। वहीं, पुणे में भी लगभग तीन साल बाद कोविड-19 के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। 10 दिन में नए मरीजों की पहचान की गई है। कोलकाता के अस्पताल में 4 का इलाज जारी है।

### बनासकांठा में बरपा ज्यादा कहर

राजस्थान के सिरोही जिले की दो-वर्षीय बच्ची की गुजरात के बनासकांठा जिले के अस्पताल में चंडीपुरा वायरस संक्रमण के इलाज के दौरान मौत हो गई। बनास मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सुनील जोशी ने 21 जुलाई को बताया कि बच्ची को 13 जुलाई को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था और अगले दिन उसकी जांच में चंडीपुरा वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई। उसे छह दिन तक शिशु रोग संबंधी आईसीयू में भर्ती रखकर इलाज किया गया, लेकिन 19 जुलाई को उसकी मौत हो गई।

**चंडीपुरा वायरस के 63 मामले मिले :** गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल पानशेरिया ने बताया कि राज्य में इस वर्ष अब तक चंडीपुरा वायरस के 63 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इनमें 12 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, जिनमें नौ गुजरात और तीन राजस्थान के हैं। अब तक 8 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्वास्थ्य जांच, कच्चे मकानों और पशुशालाओं के आसपास सैंडफ्लाई नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला अस्पतालों में बच्चों के लिए आईसीयू बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। चंडीपुरा वायरस से मस्तिष्क में सूजन (एन्सेफलाइटिस) हो सकती है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, दौरे, उल्टी, दस्त और बेहोशी शामिल हैं।

हिमाचल के चंबा में 2 दिन से लगातार हो रही बारिश

# कई जगहों पर लैंडस्लाइड,100 से ज्यादा सड़कें बंद

एजेंसी ▶▶ चंबा

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में लगातार 2 दिन से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आग भी आरेंज अलर्ट जारी किया है। डिप्टी कमिश्नर मुकेश रेप्सवाल ने बताया कि बारिश की वजह से 100 से ज़्यादा सड़कें बंद हो गई हैं। मशीनरी तैनात कर दी गई है और रास्ता साफ़ करने का काम चल रहा है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से बहाली के काम में रुकावट आ रही है। फिलहाल ट्रैफिक को दूसरे रास्तों पर भेजा गया है।

**फिलहाल 2-3 दिन तक राहत की उम्मीद नहीं**



### देश के 18 राज्यों में आईएमडी की चेतावनी

#### आज बरपेगा आसमानी कहर! गुजरात-महाराष्ट्र में रेड अलर्ट

देशभर में मानसून एक बार फिर पूरी रफ्तार पकड़ चुका है। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को देश के 18 राज्यों में बारिश का जोर देखने को मिलेगा। खासकर पश्चिम और मध्य भारत में बारिश बेहद तीव्र रहने वाली है। गुजरात और मध्य महाराष्ट्र में बेहद भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, राजस्थान, कोंकण-गोवा, पूर्वोत्तर और उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश होगी।

### यूपी में बदलेगा मौसम, उत्तराखंड में भूस्खलन का बढ़ा खतरा



उत्तर प्रदेश में 23 जुलाई को मौसम का मिजाज बदला रहेगा। पूर्वी यूपी में बादलों की आवाजाही के बीच कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। 26 जुलाई के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का दौर और तेज हो सकता है। उत्तराखंड में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। पर्वतीय जिलों में भूस्खलन, चट्टान गिरने और सड़कें बंद होने का खतरा बना हुआ है। चारधाम यात्रा मार्गों पर जाने वाले यात्रियों को मौसम अपडेट पर लगातार नजर रखने की सलाह दी गई है।

### बड़गाम में शॉपिंग कांप्लेक्स बहा एक की मौत

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में मंगलवार को भी दिनभर रुक-रुक वर्षा जारी रही। इस दौरान कई जगह सड़कों को नुकसान हुआ। बड़गाम जिले के वीरवाह शहर में सुखनाग नदी में उफान से पानी मुख्य बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र में घुस गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। नगर पालिका का शापिंग कांप्लेक्स बह गया।

**उत्तर रेलवे**

"अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे में एन.एस.जी-5 तथा एनएसजी-6 श्रेणी के स्टेशनों पर "स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट" को तीन वर्ष के लिये अधिकृत करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करना।

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल वाणिज्यक प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा मोहरबंद निविदायें इच्छुक उम्मीदवारों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु 03 वर्षों के लिए आमंत्रित किये जाते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **NIT संख्या एवं दिनांक :** C-37/BKG/STBA/Policy/Pt.11/2021 dt 21.07.2026 |
| 2 | **रेलवे की वेबसाइट :** www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3 | **निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि :** 22.07.2026 |
| 4 | **निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :** 18.08.2026 को 14:00 बजे |
| 5 | **निविदा पत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान :** 18.08.2026 को 10:00 बजे से 15:00 बजे तक |
| 6 | **निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थान :** 18.08.2026 को 15:30 बजे (O/o प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अम्बाला छावनी, हरियाणा-133031) |
| 7 | **स्टेशन के नाम :** तपा, डप्पर, बल्लूआना, लहरागागा, किरतपुर साहिब, चंडी मंदिर **(NSG-6 श्रेणी के स्टेशन) - 24 घंटे ड्यूटी।** <br> संगरूर, सुनाम उधम सिंह वाला, दौलतपुर चौक, अंबाला सिटी, बरनाला, मंडी गोबिंदगढ़, नाभा **(NSG-5 श्रेणी स्टेशन) - चौबीस घंटे** |
| 8 | **निविदा पत्र का मूल्य (गैर वापसी) :** रु. 1,000/- पर +18% जीएसटी सहित कुल रु. 1,180/- की डिमांड ड्राफ्ट, जो सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, नॉर्दन रेलवे, अंबाला कैंट के पक्ष में देय हो। <br> **नोटः-** डीडी क्रेता (Purchaser) का नाम और STBA के लिए आवेदन करने वाले आवेदक का नाम एक ही होना चाहिए। <br> किसी अन्य व्यक्ति के खाते से जमा की गई डीडी के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। |
| 9 | **ध्यान धरोहर राशि (वापसी योग्य) :** NSG-6 स्टेशनों के लिए रु. 2,000/- तथा NSG-5 स्टेशन के लिए रु. 5,000/- जो सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, नॉर्दन रेलवे, अंबाला कैंट के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किए जाएँ। <br> **नोटः-** डीडी क्रेता (Purchaser) का नाम और STBA के लिए आवेदन करने वाले आवेदक का नाम एक ही होना चाहिए। <br> किसी अन्य व्यक्ति के खाते से जमा की गई डीडी के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। |

सं.: C-37/BKG/STBA/Policy/Pt.11/2021 दिनांक: 21.07.2026 2520/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# सरकार जल्द शुरू करे युवाओं के साथ संवाद

देश की सबसे बड़ी ताकत और उम्मीद उसकी युवा आबादी है, लेकिन जब यही युवा सड़कों पर उतरकर अपनी बात कहने को मजबूर हों, लंबे समय तक आंदोलन करें, अनशन का सहारा लें और उनकी मांगों पर लगातार टकराव का माहौल बने, तो यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रह जाता। यह सरकार, राजनीतिक दलों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए आत्ममंथन का विषय बन जाता है। इसलिए अब समय आ गया है कि सरकार युवाओं के साथ संवाद की पहल बिना किसी देरी के शुरू करे और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें विश्वास में ले। परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर उठे सवाल लाखों छात्रों की चिंता से जुड़े हैं। इन मुद्दों का समाधान केवल पुलिस बल, राजनीतिक बयानबाजी या एक-दूसरे पर आरोप लगाने से नहीं निकल सकता। यदि युवाओं को यह महसूस होने लगे कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तो असंतोष और अविश्वास बढ़ना स्वाभाविक है। लोकतंत्र में असहमति को सुनना कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता का परिचायक है। वहीं, विपक्ष भी युवाओं के भविष्य पर राजनीति नहीं करे, बल्कि तथ्यों और समाधान पर बात करे और संसद में भी जनहित की आवाज उठाए। संयम, संवाद और संवैधानिक मर्यादा बनाए रखना जरूरी है। सरकार भी परीक्षा प्रणाली को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए, ताकि देश का युवा आसानी से परीक्षा दे सके और किसी तरह की परेशानी न हो। सोनम वांगचुक का लंबा अनशन भी इसी चिंता का प्रतीक है। विपक्षी सांसदों ने उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया है कि युवाओं के मुद्दे संसद में उठाए जाएंगे। यह सकारात्मक संकेत है, लेकिन केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होंगे। संसद में गंभीर चर्चा, समयबद्ध निर्णय और ठोस सुधारात्मक कदम ही इस भरोसे को मजबूत कर सकते हैं। लोकतंत्र में संसद से बेहतर संवाद का कोई मंच नहीं हो सकता। डिजिटल युग में जानकारी तेजी से फैलती है और किसी भी घटना पर युवाओं की प्रतिक्रिया भी तुरंत सामने आती है। ऐसे समय में संवाद से दूरी केवल गलतफहमियों को बढ़ाती है। यदि सरकार समय रहते छात्र संगठनों, शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और आंदोलन के प्रतिनिधियों के साथ खुली बातचीत शुरू करती है, तो कई विवाद बिना टकराव के सुलझ सकते हैं। वहीं, आंदोलनकारी संगठनों और विपक्ष की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। विरोध लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन वह पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में होना चाहिए। किसी भी आंदोलन का उद्देश्य समाधान होना चाहिए, न कि ऐसा टकराव जिसमें आम जनता परेशान हो और मूल मुद्दा ही पीछे छूट जाए। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि युवाओं के भविष्य पर राजनीति से अधिक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था को केवल परीक्षा आयोजित करने वाली प्रणाली नहीं, बल्कि विश्वास पैदा करने वाली प्रणाली बनाने की जरूरत है। यदि परीक्षा निष्पक्ष होगी, भर्ती समय पर होगी और शिकायतों के निवारण की प्रभावी व्यवस्था होगी, तो आंदोलनों की नौबत भी कम आएगी। लोकतंत्र की असली ताकत संवाद में होती है, दमन या टकराव में नहीं। सरकार को चाहिए कि वह जल्द युवाओं से औपचारिक बातचीत शुरू करे, उनकी आशंकाओं को दूर करे और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की स्पष्ट समयसीमा घोषित करे।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# दिशाहीन विरोध प्रदर्शनों की भयावहता

राजधानी दिल्ली में 20 मार्च को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना।

राजधानी दिल्ली में 20 मार्च को हजारों लोगों की जुटी आक्रामक भीड़ हमें एक साथ कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करती है। कॉकरोच शब्द का प्रयोग उच्चतम न्यायालय ने किया। बाद में स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इसके बारे में अपना स्पष्टीकरण भी दिया, किंतु कॉकरोच केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध का कारण बन गया। क्यों और कैसे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के किसी प्रतिनिधि ने न कॉकरोच शब्द का प्रयोग किया और न उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का समर्थन। लगभग देश के लिए एक अनाम व्यक्ति ने अमेरिका से सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से साइट बनाई। देखते-देखते लाखों फॉलोअर्स उसमें जुड़ गए। जो कुछ उसमें लिखा जा रहा था, न वहां कोई गंभीर विजन था, न कोई सपना। अचानक वह दिल्ली में प्रदर्शन की घोषणा करते हैं और हवाई अड्डे पर उतरते हैं। हवाई अड्डे पर भी उनके स्वागत के लिए कोई भीड़ नहीं, न रास्ते में कहीं लोग। जंतर-मंतर पर पहले दिन का प्रदर्शन अत्यंत सामान्य रहा और उसमें शामिल होने वालों से ज्यादा दर्शकों की संख्या थी। सभी तरह के और सभी विचारधाराओं के लोग उसमें थे। लेकिन धीरे-धीरे ऐसी स्थिति बनी कि सोनम वांगचुक लद्दाख से आकर आमरण अनशन पर बैठ गए। कुछ सेलिब्रिटी आने लगे। विपक्ष के कुछ नेता आने लगे और धीरे-धीरे हुए वे सारे चेहरे जो शाहीनबाग से लेकर किसानों के नाम पर हुए आंदोलन या फिर अन्य ऐसे विरोध प्रदर्शनों में लगातार दिखते हैं।

संसद के मानसून सत्र के आरंभ के दिन संसद मार्च का ऐलान हुआ और फिर जिस तरह की भीड़ चारों तरफ जुटी, वह देश के सामने है। इस मार्च में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल लोग कुछ भी कहें ,पर एक नेतृत्वविहीन दिशाहीन अभियान का डरावना दृश्य देश ने देखा। भारी संख्या में पुलिस वाले घायल हुए, पुलिस के वाहन तोड़े गए और पुलिस के बल प्रयोग से प्रदर्शनकारी भी घायल हुए। इसमें दो राय नहीं कि नीट का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण युवाओं के परिवारों और देश में भी क्षोभ व असंतोष का वातावरण था। आरंभ में ऐसा लगा भी कि यह नीट के छात्रों के भविष्य की लड़ाई है। इसी बीच एक महिला ने अभिजीत दीपके पर काली स्याही फेंकी। उसका कहना था कि मेरे बेटे ने 680 अंक नीट में प्राप्त किए और लीक होने के बाद वह डिप्रेशन में चला गया, लेकिन यहां नीट कोई मुद्दा ही नहीं है। उसका यह भी कहना था कि सोनम वांगचुक यहां आमरण अनशन पर हैं और कोई भी वरिष्ठ व्यक्ति आंदोलन का उनका ध्यान रखने वाला नहीं है। अजीब दृश्य। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मरने का नारा और योगी आदित्यनाथ को छक्का कहा जा रहा है। पूरी स्थिति वही है जो हमने शाहीनबाग और फिर किसानों के नाम पर दिल्ली में हुए लंबे धरना प्रदर्शन में देखा था। इस बीच सरकार ने नीट परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी कर ली और उसके परिणाम भी आ गए। प्रश्न पत्र से लेकर पूरी परीक्षा और परिणाम तक जैसी सख्त व सुरक्षित व्यवस्था की गई, उससे साफ था कि सरकार के अंदर परीक्षा को स्वच्छ रूप से आयोजित करने का दृढ़ विचार है। साफ है कि दोबारा परीक्षा देने वाले जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ होगा और पहली बार उन्होंने अच्छा किया होगा, उनको छोड़कर बाकी शेष के अंदर मन में पीड़ा होगी



लेकिन असंतोष का भाव नहीं होगा। भविष्य में नीट ही नहीं, किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक नहीं हों, उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाने और जो कुछ हमारे पास सुझाव हैं, उन्हें सामने रखना स्वाभाविक है। पर इस अभियान में नीट और प्रश्न पत्र लीक का विषय हाशिये पर चला गया। कुल मिलाकर इसे अगर आंदोलन बोला जाए तो न इसका कोई निश्चित उद्देश्य रहा, न कोई दुरगामी कार्यक्रम। संसद मार्च की घोषणा हो गई। ऐसी स्थिति बनी कि दिल्ली ट्रैफिक जाम में फंसी रही। मेट्रो के अनेक स्टेशनों के द्वार बंद रहे। सरकार और प्रशासन की सतह पर जो सोच और रणनीति दिखाई पड़ती है, वह यही कि प्रदर्शन करने वाले अगर कानून की परिधि में करते हैं तो उनके साथ बल प्रयोग नहीं होना चाहिए। अभिजीत दीपके जिस दिन दिल्ली में उतरे, जंतर- मंतर पर धरने की पहले से अनुमति नहीं थी। धरना देने वाले पहले पुलिस से अनुमति लेते हैं और उसकी अवधि तय होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने हमें न्याय के लिए संघर्ष करने, अपनी आवाज उठाने का अधिकार दिया है किंतु उसमें कानून के साथ विवेक और मर्यादा की सीमाएं भी हैं। यह सरकार प्रशासन और विरोध करने वालों सब पर लागू होता है। उद्देश्य कुछ और हो तो फिर ऐसे ही होता है। अगर सरकार ने आपको प्रदर्शन की स्वतंत्रता दी, बेवजह लोगों को आने से रोका नहीं गया तो उसके नेतृत्व करने वाले का दायित्व था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रदर्शन की सीमाओं का पालन करते। पर पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि पूरे विश्व में एक अराजक उग्र नव वामपंथी धारा पैदा हुई है। नेपाल परिवर्तन से उसे जेन जी का नाम दिया गया। हमारे पड़ोस श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल के परिवर्तन ने हमारे यहां भी और देश से बाहर रहने वाले अवांछित समूहों को प्रेरित किया है कि भारत में ऐसा कर नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध उथल-पुथल और अराजकता की स्थिति पैदा की जा सकती है। हमारे यहां राजनीतिक और गैर राजनीतिक विपक्ष में ऐसे लोग हैं जिन्हें इसमें अवसर दिखता है। हर ऐसे विरोध प्रदर्शन आंदोलन में सच्चे परिवर्तन या मांग के समर्थन वाले लोग साफ हृदय से आते हैं।

शाहीनबाग धरने से हमने देखा है कि उसकी दिशा, भाषा और लक्ष्य ऐसे लोगों के हाथों आ जाता है, जिनका हमेशा उद्देश्य नकारात्मक होता है। याद कीजिए, सीएए के विरुद्ध कहा जा रहा था कि भारी संख्या में मुसलमानों की नागरिकता चली जाएगी। क्या आज तक किसी एक की नागरिकता गई? इस कारण दिल्ली दंगों तक का शिकार हुई। किसी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो या कोई अन्य भ्रष्टाचार के विषय हो, पूरे समाज में क्षोभ पैदा होता है। हम सबको ध्यान रखना चाहिए कि इसका लाभ अवांछित तत्व न उठा सकें। अगर इस तरह विरोध प्रदर्शन हुए तो भविष्य में सरकारों और प्रशासन के लिए इनको नियंत्रित और सीमित करने के रास्ते निर्धारित करने पड़ सकते हैं। इसमें हमारे आपके विरोध के अधिकार पर ही बंदिश लगेगी। पुलिस प्रशासन का भी दायित्व है कि उनके अधिकारों के पालन का ध्यान रखने के साथ ऐसे अवांछित तत्वों की पहले से पहचान कर कुछ पूर्वोपाय के कदम उठाए। अब सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं और संभव है कि आगे भी गिरफ्तारियां हों, मामले दर्ज हों। हालांकि ऐसे विरोध प्रदर्शनों में पहले किसी के विरुद्ध कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई, न सजा हुई। कुल मिलाकर यह चिंता का विषय है कि सुप्रीम कोर्ट के टिप्पणी के विरुद्ध सामान्य कटाक्ष से बना एक साइट प्रश्न पत्र लीक से जुड़ते हुए यहां तक पहुंच गया। ऐसा क्यों हुआ, कैसे हुआ, अगर इन प्रश्नों पर हम विचार करें तो उत्तर आसानी से मिल जाएगा। इसी से यह भी उत्तर मिलेगा कि आगे यह स्थिति कैसे पैदा न हो।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



# चंद्रशेखर 'आजाद', जिनकी पिस्तौलों का भी इतिहास है

सन् 1919 में 13 अप्रैल को बैसाखी का दिन था और ब्रिटिश ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर ने पंजाब के जलियांवाला बाग में कुख्यात रॉलेट एक्ट के विरोध में हो रही शांतिपूर्ण सभा पर बिना कोई चेतावनी दिए बेहद क्रूरतापूर्वक अंधाधुंध पुलिस फायरिंग करा दी थी। इससे जो विचलित कर देने वाला नरसंहार हुआ, उसने देश में ऐसे विकट उद्वेलन पैदा किए कि जहां देशवासी डायर को 'द बूचर ऑफ अमृतसर' कहने लगे, वहीं नौजवानों का खून उबल पड़ा। वे अहिंसा का दामन छोड़कर हर हाल में प्रतिशोध, दूसरे शब्दों में कहें तो मरने-मारने वाले सशस्त्र संघर्ष के लिए मचलने लगे। अनंतर, उनके अरमानों व आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से 8-9 सितंबर 1928 को दिल्ली के ऐतिहासिक फिरोजशाह कोटला मैदान में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन नामक क्रांतिकारी संगठन गठित किया गया, जिसका उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत को स्वतंत्र कराना था। इसकी स्थापना के पीछे भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त और भगवती चरण वोहरा जैसे क्रांतिकारियों की सुविचारित



रणनीति थी और सच पूछिए तो यह अक्टूबर, 1924 में क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, शचींद्रनाथ सान्याल और योगेश चंद्र चटर्जी द्वारा स्थापित 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' का पुनर्गठित रूप था। इसकी आर्मी के कमांडर-इन-चीफ थे चंद्रशेखर आज़ाद, जिनकी आज 120वीं जयंती है। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में 1906 में आज के ही दिन यानी 23 जुलाई को जन्मे आज़ाद ने कमांडर-इन-चीफ के तौर पर प्रतिज्ञा कर रखी थी कि वे किसी भी हालत में कभी भी जिंदा अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और उन्होंने अंतिम सांस तक अपनी इस प्रतिज्ञा का मान रखा। उनके कमांडर-इन-चीफ रहते दिसम्बर, 1928 में सांडर्स वध, अप्रैल, 1929 में सेंट्रल असेंबली बम कांड और दिसम्बर, 1929 में वायसराय लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर हमले जैसे क्रांतिकारी एक्शनों को अंजाम दिया गया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इकलौते ऐसे नायक हैं, जिनके साथ उनकी पिस्तौलों ने भी इतिहास बनाया है। वे आमतौर पर अपने साथ एक माउजर पिस्तौल रखा करते थे, जिसे बेहद प्यार करते और 'बमतुलबुखारा' कहा करते थे। 27 फरवरी, 1931 को वे इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में गोरों की पुलिस से मुठभेड़ में शहीद हुए तो उनके पास माउजर नहीं, बल्कि कोल्ट नामक पिस्तौल थी। लाला लाजपत राय पर लाठियां बरसाने वाले अंग्रेज अधिकारी स्कॉट की हत्या के लिए 17 दिसम्बर, 1928 के जिस क्रांतिकारी एक्शन में उसकी जगह जॉन सांडर्स को मार डाला गया था, उसमें 'आजाद' अपनी माउजर ही साथ ले गये थे। उनके बाद उनकी उस माउजर का क्या हुआ? क्रांतिकारियों की स्मृतियों की रक्षा के उपक्रमों के प्रति समर्पित और उनके आन्दोलन के इतिहास के अप्रतिम अध्येता वरिष्ठ लेखक सुधीर विद्यार्थी बताते हैं कि अरसा पहले उन्होंने इलाहाबाद के कटरा मुहल्ले में 'आजाद' के आखिरी दिन तक उनके साथ रहे गढ़वाल के क्रांतिकारी भवानी सिंह रावत की मदद से जहां-जहां भी उक्त माउजर का सुराग लगने की उम्मीद थी, वहां-वहां की खाक छानी। उसकी बाबत जानकारियां जुटाने में सफल नहीं हो सके। इसलिए 1977 में समाचारपत्रों में इस माउजर के इलाहाबाद के संग्रहालय से चोरी हो जाने की खबर छपी तो मुझे बड़ी हंसी आई। कारण यह कि जो माउजर उक्त संग्रहालय में थी ही नहीं, वह चोरी कैसे हो सकती थी?

वे बताते हैं कि शहादत के वक्त 'आजाद' के पास माउजर के बजाय 'कोल्ट' पिस्तौल थी, क्योंकि माउजर से छोटी होने के कारण वह उन्हें ज्यादा सुविधाजनक लगती थी। प्रसंगवश, इलाहाबाद के अंग्रेज एसएसपी नट बावर की सेवानिवृत्ति के वक्त गोरी सरकार द्वारा आजाद की यह कोल्ट उन्हें उपहार में दे दी गई और वे उसे अपने साथ इंग्लैंड ले गये थे। उनका दावा था कि अल्फ्रेड पार्क में आजाद को पहले उन्हीं की गोली लगी थी। सेवानिवृत्ति के बाद बावर उत्तर प्रदेश शासन के पेंशनर हुआ करते थे और शायद इसी अधिकार से बाद में 'आजाद' की 'कोल्ट' को देश वापस लाने की मांग उठने पर इलाहाबाद के कमिश्नर मुस्तफी ने बावर को उसे लौटाने के लिए पत्र लिखा था। यह कैसी विडम्बना है कि आजाद जैसे शहीद देश के लिए अपने अप्रतिम बलिदान के बावजूद भारतीयों में अपने प्रति वैसी कृतज्ञता या श्रद्धा नहीं उत्पन्न कर पाये, जैसी उन्होंने अपनी शहादत का वायस बने नट बावर जैसे अंग्रेज पुलिस अधिकारी से दो-दो हाथ करके उत्पन्न कर दी थी?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यक्ति को निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है। उसे आत्म-प्रतिस्पर्धा कहा जाता है।

# गुरु ज्ञान किसी की भी सोच बदल सकता है




संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम के कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुके थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा कि तप में कितना बल है कि एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**निरर्थक प्रवृत्तियों का त्याग ही सार्थक जीवन का आधार**

मनुष्य का जीवन उसके विचारों और प्रवृत्तियों से निर्मित होता है। प्रत्येक व्यक्ति दिनभर अनेक प्रकार के कार्य करता है, अनेक विषयों पर सोचता है और अनेक निर्णय लेता है। इन्हीं प्रवृत्तियों के आधार पर उसके व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य का निर्माण होता है। सामान्यतः मनुष्य की प्रवृत्तियों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है-सार्थक और निरर्थक। सार्थक प्रवृत्तियां वे हैं जो जीवन को दिशा देती हैं, विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं और स्वयं तथा समाज के कल्याण में सहायक बनती हैं। इसके विपरीत निरर्थक प्रवृत्तियां व्यक्ति का समय, ऊर्जा, धन और मानसिक शक्ति नष्ट करती हैं तथा धीरे-धीरे उसके जीवन को तनाव, भ्रम और अशांति से भर देती हैं।

*- राकेश गर्ग, यमुनानगर*

## ट्रेंड

### समन्वय समितियां



मानसून के दौरान जल-जमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमने दिल्ली के सभी 13 ज़िलों में ज़िला-स्तरीय समन्वय समितियां बनाई हैं। ये समितियां सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल करेंगी और जल-जमाव की स्थिति आदि में तुरंत कार्रवाई करने का काम भी देखेंगी।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएग



अनंतनाग में हुए आतंकी हमले के बाद हालात का जायज़ा लेने के लिए मैंने डीजीपी नलिन प्रभात से बात की। ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इस घिनौने कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
**-मनोज सिन्हा,** उप-राज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### राहुल गांधी का व्यवहार



राहुल गांधी का व्यवहार आज पूरी तरह से अशोभनीय और निंदनीय था। विपक्ष के नेता जैसे गरिमापूर्ण पद पर होने के बावजूद, राहुल गांधी इसे गंभीरता से नहीं लेते, यह बात आज उनके व्यवहार से साफ हो गई।
**- नितिन नवीन,** अध्यक्ष, बीजेपी


### अच्छी शिक्षा देना ज़रूरी



अगर हम अपने देश को विकसित और समृद्ध बनाना चाहते हैं, तो सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देना बहुत ज़रूरी है। दिल्ली के बाद, अब पंजाब में भी हमने ग़रीबों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देना शुरू कर दिया है।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर


# क्यूबा सरकार पर दबाव बढ़ाने अमेरिका ने भेजी खाद्य सामग्री



क्यूबा के लोगों को सीधे सहायता देने और वहां की सरकार पर दबाव बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों के तहत एक मालवाहक विमान खाद्य सामग्री और स्वच्छता किट लेकर मंगलवार को मियामी से क्यूबा के लिए रवाना हुआ। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, विमान में 700 पैकेट भेजे गए हैं। इन्हें क्यूबा सरकार के माध्यम से नहीं, बल्कि वहां के कैथोलिक संगठनों के जरिये सीधे लोगों में वितरित किया जाएगा। अमेरिका ने हाल में क्यूबा को कुल 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की पेशकश की थी, यह खेप उसी में से छह करोड़ डॉलर की पहली किस्त का हिस्सा है। यह सहायता ऐसे समय भेजी गई है, जब अमेरिका ने पिछले कई महीनों में क्यूबा सरकार और उससे जुड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ाया है। इसके तहत मुख्य रूप से देश के सैन्य और खुफिया तंत्र पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। ऊर्जा और तेल की नाकेबंदी के कारण क्यूबा की अर्थव्यवस्था और वहां के लोगों का दैनिक जीवन लगभग ठप हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक विस्तृत दस्तावेज जारी कर क्यूबा पर पिछले पांच दशकों से अमेरिका में बड़े पैमाने पर जासूसी और वामपंथी प्रभाव बढ़ाने का अभियान चलाने का आरोप लगाया।

## ऑफ बीट

# कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं



अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। वृद्ध लोगों में कैंसर सबसे आम बीमारियों और कनाडा में सबसे आम बीमारियों में से एक है, इसका मतलब है कि हमें वृद्ध लोगों के लिए सबसे अच्छी कैंसर देखभाल प्रदान करने के बारे में सोचना होगा। जनसांख्यिकीय बदलाव : तो अब तक हम किस तरह काम कर रहे हैं? जवाब है- बहुत अच्छा नहीं। यह आश्चर्यजनक हो सकता है, लेकिन हमारे पास कैंसर देखभाल में इस जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए कुछ नया करने और तैयारी करने का एक शानदार अवसर भी है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# टॉप-5 की जंग में भारत, मुक्केबाजी-एथलेटिक्स से पदकों की आस

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

*भारत के लिए पिछले दो दशक से राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पांच में रहने का सिलसिला कायम रखना इस बार स्पर्धाओं में कटौती के कारण मुश्किल हो सकता है लेकिन मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स में अच्छे पदक आने की उम्मीदें है। पिछले तीन दशक में यह सबसे छोटे राष्ट्रमंडल खेल हैं, जिनमें लागत में कटौती के कारण चार स्थानों पर सिर्फ दस खेलों की स्पर्धाएं होंगी और 74 देशों के करीब 3 हजार खिलाड़ी जोर आजमाइश करेंगे। ओवो हाइड्रो पर गुरुवार को उद्घाटन समारोह के जरिए इन खेलों की औपचारिक शुरुआत होगी। इनमें से छह खेलों में पैरा खेलों की स्पर्धाएं भी साथ में होंगी।*

### 2002 के बाद भारत रहा शीर्ष पांच में

भारत मैनचेस्टर में 2002 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से हर बार शीर्ष पांच में रहा है। इस बार हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और निशानेबाजी के नहीं होने से यह कर पाना मुश्किल लग रहा है। बर्मिंघम में इन्हीं खेलों में भारत के 61 में से लगभग आधे पदक आए थे। ऐसे में अब एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन पर जिम्मेदार आन पड़ी है।

**आज से कॉमनवेल्थ गेम्स, 74 देशों के 3 हजार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**



### भारोत्तोलन में नजरें मीराबाई चानू पर

भारोत्तोलन में नजरें ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू पर लगी होंगी। मणिपुर की 31 वर्ष की चानू पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। भारोत्तोलन में भारत के 11 खिलाड़ी ही भाग लेंगे क्योंकि राष्ट्रीय शिविर में कई खिलाड़ी डोप टेस्ट में नाकाम हुए हैं, जिससे भारत की पदक की उम्मीदें कम हो गई हैं। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) राष्ट्रमंडल खेलों में पहला पदक जीतना चाहेंगी। वहीं 57 किलो में विश्व चैंपियन जैसमीन लंबोरिया बर्मिंघम में जीते कांसे को स्वर्ण में बदलने को उत्सुक होंगी।

### एथलेटिक्स में भारत के 32 खिलाड़ी करेंगे जोरआजमाइश

भारत ने एथलेटिक्स में 32 सदस्यीय दल उतारा है जो 22 पदक स्पर्धाओं में भाग लेगा । इसकी अगुवाई दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा करेंगे। वह इस बार पदक के प्रबल दावेदार के रूप में नहीं बल्कि चैलेंजर के रूप में उतरेंगे। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पुरुषों के भालाफेंक में प्रबल दावेदार हैं, जिन्होंने पिछले महीने रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंककर सनसनी फैला दी थी। पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम भी दौड़ में हैं लेकिन चोपड़ा भी दावेदारों में से है।

### एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं : कुजूर



अनिमेष कुजूर को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि भारत के सबसे तेज धावक का तमगा अब गुरिंदरवीर सिंह के पास चला गया है, बल्कि 200 मीटर दौड़ का यह राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी चाहता है कि आगामी राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में उनका प्रदर्शन ही सब कुछ बयां करे। इस साल की शुरुआत में ओडिशा में गुरिंदरवीर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके बाद कुजूर से अक्सर यह पूछा जाता रहा है कि क्या वह यह खिताब वापस हासिल करेंगे। जब कुजूर से भारत के सबसे तेज धावक का तमगा वापस पाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'बस एशियाई खेलों का इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, बस एशियाई खेलों तक इंतजार कीजिए। फिर हम दोबारा बात करेंगे।'

## खबर संक्षेप

### यॉर्कशर के लिए खेलेंगे कुलदीप यादव



**लीड्स।** भारत की एकादश में बार-बार अनदेखी किए जाने के बाद बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शीर्ष इंग्लिश काउंटी टीम यॉर्कशर के लिए मौजूदा सत्र में 8 मैच खेलने का करार किया। यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने अपनी वेबसाइट पर घोषणा की, 'यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्पिनर कुलदीप यादव के साथ विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### अपने गांव में मुक्केबाजी अकादमी खोलेंगे विजेंदर



**नई दिल्ली।** पूर्व दिग्गज मुक्केबाज विजेंदर सिंह अब हरियाणा में अपने पैतृक गांव में एक ट्रेनिंग अकादमी बनाकर कोचिंग की दुनिया में कदम रखना चाहते हैं और उन्होंने इस परियोजना के लिए खेल मंत्रालय से मदद मांगी है ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले पूर्व मुक्केबाज ने कहा कि उनका प्रस्ताव मंत्रालय के पास है मंत्रालय 'राष्ट्रीय खेल विकास कोष' के जरिए मदद देने का फैसला करने से पहले प्रस्ताव की बारीकी से जांच कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हां, मैं अपनी मुक्केबाजी अकादमी खोलने की योजना बना रहा हूं।

### वनडे कप्तानी हटे शाहिदी खेलेंगे आयरलैंड सीरीज



**काबुल।** अनुभवी बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी ने अफगानिस्तान की वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है लेकिन वह बतौर खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे। 31 वर्ष के शाहिदी 2022 की शुरुआत में वनडे टीम के कप्तान बने थे और 2023 वनडे विश्व कप तथा 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के कप्तान रहे। वह अफगानिस्तान की टेस्ट टीम के भी कप्तान हैं। आज मैं पूरे सम्मान और सहमति से निजी कारणों की वजह से अपनी टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे रहा हूं।

**अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का सुनहरा मौका**

### 3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच आज शाम 4.30 बजे से

# दबाव में 'कप्तान' अय्यर, जिम्बाब्वे के खिलाफ पहली जीत की तलाश

एजेंसी ▶▶| हरारे

श्रेयस अय्यर बतौर कप्तान पहली जीत दर्ज करने को बेताब होंगे जब उनकी युवा भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में गुरुवार को उतरेगी।

कप्तान के रूप में पहले सात टी20 मैचों में से आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ छह गंवा चुके अय्यर के पास टीम को जीत की राह पर लौटाने का यह सुनहरा मौका है। जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत अपेक्षित है लेकिन अगर हार गए तो उस ड्रेसिंग रूम की हालत का अनुमान ही लगाया जा सकता है, जिसमें 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी भी हैं।

### एक बार फिर नजरें सूर्यवंशी पर

भारत ने इस दौरे के लिए वीवीएस लक्ष्मण को कोच के रूप में भेजा है, जिनकी शख्सियत आक्रामक कोच गौतम गंभीर से एकदम उलट है। ऐसा नहीं है कि गंभीर जीतना नहीं चाहेंगे लेकिन अंतिम एकादश के साथ प्रयोग करने की उनकी आदत गंभीर की तुलना में कम है। एक बार फिर नजरें 'वंडर ब्वॉय' सूर्यवंशी पर होंगी, जो अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करेंगे क्योंकि संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है।

### गेंदबाजों का चुनाव भारत की चुनौती

भारत के सामने असली चुनौती हर्ष दुबे, शिवम दुबे और सूर्यांश शेडगे में से एक को चुनने की है। तीनों में से कोई भी शुद्ध हरफनमौला नहीं है। ऐसे में तीनों को भी उतारा जा सकता है। शिवम को सीम और स्विंग गेंदबाजी के सामने बतौर बल्लेबाज परेशानी आई है। लेकिन उन्हें दो टी20 विश्व कप जीतने का अनुभव है। वहीं शेडगे की गेंदबाजी अपेक्षा के अनुरुप नहीं है तो हर्ष अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं।



मैच का समय : शाम 4.30 बजे

### टीमें इस प्रकार

*भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान ), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अशोक शर्मा, रवि बिश्नोई, प्रभसिमरन सिंह, रिंकू सिंह।*

*जिम्बाब्वे : सिकंदर यादव (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रियान बर्ल, तनाका शिवांगा, बेन कुरेन, ब्राड इवांस, वेसले माधेवेरे, टी. मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डियोन मायर्स , रिचर्ड एनगारवा, न्यूमैन एन, मिल्टन शुम्बा, टी. सिगा।*

### उतार-चढ़ाव के बाद भी मेरा आत्मविश्वास बरकरारः वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने स्वीकार किया कि पिछले चार महीनों में उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए हैं लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले उनका आत्मविश्वास पूरी तरह कायम है। 15 वर्षीय सूर्यवंशी को भारत के आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 दौरे में शामिल किया गया। सूर्यवंशी ने कहा, 'हां, पिछले चार महीनों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। यह क्रिकेट का हिस्सा है और ऐसा आगे भी होता रहेगा। लेकिन मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखना है और टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देना है।' उन्होंने स्वीकार किया कि कम उम्र में ऐसी निराशाओं से उबरना आसान नहीं होता, लेकिन उन्हें अपने आसपास के लोगों और कोचिंग स्टाफ से पूरा सहयोग मिला, जिससे वह दोबारा अपना ध्यान खेल पर केंद्रित कर सके। उन्होंने कहा, 'यह स्वाभाविक है कि मुझे जिस भी तरह की मदद या मार्गदर्शन चाहिए, कोच मुझे उपलब्ध करा रहे हैं। जितना अभ्यास मुझे चाहिए, वह भी मिल रहा है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं और आत्मविश्वास से भरा हूं।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# टॉप-5 में भारत के 3 बल्लेबाज गिल नंबर-1 के बेहद नजदीक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल के अलावा दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाद जारी नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल हैं।

गिल दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के बेहद करीब हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत की 1-2 की हार के दौरान तीन मैच में 188 रन बनाए और वह शीर्ष पर चल रहे मिचेल (802 अंक) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। कोहली (767) और रोहित (758) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

■ कोहली-रोहित का जलवा कायम

### आठवें पायदान पर रूट

इंग्लैंड के जो रूट चार स्थान की छलांग के साथ आठवें पायदान पर हैं। टीम के उनके साथी बेन डकेट भी 11 स्थान की लंबी छलांग के साथ संयुक्त 19वें पायदान पर हैं। जैकब बेथेल भी पांच स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर एकदिवसीय रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर हैं।

### कुलदीप टॉप टेन से बाहर

भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के अबरार अहमद के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

## सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप

**तनिष्का और प्राची ने एलिमिनेशन ड्रॉ में बनाई जगह**

# विश्व मंच पर तनिष्का व प्राची ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारतीय तलवारबाज तनिष्का खत्री और प्राची लोहान इतिहास रचते हुए सीनियर विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप में 64 खिलाड़ियों के मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला एपी खिलाड़ी बनीं।

9 दिवसीय चैंपियशिप के पहले दिन प्रतिस्पर्धा करते हुए तनिष्का और प्राची ने राउंड रोबिन पूल और शुरुआती एलिमिनेशन दौर की बाधा को पार करते हुए मुख्य एलिमिनेशन ड्रॉ मे जगह बनाई, जो भारतीय तलवारबाजी के लिए अहम उपलब्धि है। ये दोनों अब 25 जुलाई को 64 खिलाड़ियों के एलिमिनेशन ड्रॉ में चुनौती पेश करेंगी, जहां उनका लक्ष्य शीर्ष 32 खिलाड़ियों में जगह बनाना होगा। पुरुष व्यक्तिगत फॉयल स्पर्धा में सचिन 107वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी रहे। आदित्य ने 137वां, सेनासम हेमाश सिंह ने 143वां और तेजस मनोज पाटिल ने 149वां स्थान हासिल किया। कोई भारतीय तलवारबाज मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाया।







### आखिरी वनडे जीता वेस्टइंडीज, सीरीज पर न्यूजीलैंड का कब्जा

**ब्रिजटाउन।** शिमरोन हेटमायेर के नाबाद 69 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने पांचवें और आखिरी वनडे में न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया। यूजीलैंड ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीत ली है। पहले मैच में वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसके बाद न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच 5 विकेट से और तीसरा 6 विकेट से जीता। चौथा मैच भी न्यूजीलैंड ने जीता था। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 268 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 15 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। हेटमायेर ने शेरफान रदरफोर्ड (61) के साथ 95 रन की साझेदारी की।

# एटीपी टूरः बाएज ने केकमनोविच को दी मात, दूसरे दौर में मारी एंट्री

एजेंसी ▶▶| किट्जबुहेल

अर्जेंटीना के स्टार टेनिस खिलाड़ी सेबेस्टियन बाएज ने 'जेनराली ओपन' के पहले दौर में मियोमिर केकमनोविच को मात दी। ऑस्ट्रिया के शहर किट्जबुहेल में जारी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में बाएज ने कड़े मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्बियाई खिलाड़ी को शिकस्त दूसरे दौर में जगह बनाई। किट्जबुहेल में एटीपी 250 इवेंट में दो पूर्व चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में, बाएज ने 6-3, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। यह केकमनोविच के साथ उनके चार टूर-लेवल मुकाबलों में पहली जीत थी।



### अगले दौर में पहुंचकर खुश हूं : बाएज

एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 18 खिलाड़ी बाएज ने कहा, मुझे वापस आकर खुशी हो रही है, क्योंकि यह जगह बहुत पसंद है। मुझे यहां के लोग, भीड़, कोर्ट, शहर, सब कुछ पसंद है। हम एक-दूसरे को कई वर्षों से जानते हैं। मुझे लगता है कि आज अहम बात यह थी कि प्रत्येक प्वाइंट पर डटे रहें और फोकस बनाए रखें, क्योंकि यहां ऊंचाई की वजह से कभी-कभी गेंद को कंट्रोल करना मुश्किल होता है।

### अब रिंडरकनेच से सामना

बाएज ने घरेलू पसंदीदा डोमिनिक थिएम को शिकस्त देकर ऑस्ट्रियाई आल्प्स में 2023 का खिताब अपने नाम किया था। अब वह इस साल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए तीसरी वरीयता प्राप्त आर्थर रिंडरकनेच का सामना करेंगे।

## युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिपः भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया

# युवा हॉकी टीम की ओमान और पाक पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मस्कट

भारतीय सब जूनियर लड़कों की टीम ने एफआईएच युवा हॉकी5 एशियाई चैंपियनशिप में पाकिस्तान और ओमान को हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा।

केतन कुशवाहा की कप्तानी में भारत ने ओमान को 14- 0 से हराया, जिसमें कप्तान ने चार गोल किए और आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक लगाई। राहुल यादव और शाहरुख अली ने दो-दो , प्रहलाद राजभर, करण गौतम और रोमित पाल ने एक-एक गोल दागा।



### भारत ने पाकिस्तान को 7-4 से हराया

*पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने 7-4 से जीत दर्ज की, जिसमें करण गौतम ने तीन गोल किए। राहुल यादव, प्रहलाद राजभर, कप्तान कुशवाहा, रोमित पाल ने एक एक गोल किए। पाकिस्तान के लिए असलम मुहम्मद फरहान और आदिल ने एक जबकि उस्मान मुहम्मद ने दो गोल किए।*

### गर्ल्स टीम ने उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया



भारतीय सब जूनियर लड़कियों ने चीन से 2-2 से ड्रॉ खेला और उजबेकिस्तान को 16-0 से हराया। चीन के लिए चेन गि और जियाशिन गुओ ने गोल किए जबकि भारत के लिए नौशीन नाज ने दो गोल दागे। उजबेकिस्तान के खिलाफ नौशीन नाज ने चार, संदीपा कुमारी और कप्तान स्वीटी कुजूर ने तीन तीन, दिया और पुष्पा ने दो-दो जबकि किरण इक्का और नीलम टोप्नो ने एक एक गोल दागे। यह टूर्नामेंट पहले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप का क्वालीफायर भी है।

# सिंधू और लक्ष्य दूसरे दौर में, शेट्टी ने फरहान को हराकर उलटफेर किया

भाषा ▶▶| चांगझोउ

आयुष शेट्टी ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी अल्वी फरहान को हरा दिया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने हमवतन उन्नति हुड्डा की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत के नंबर एक पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने भी अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने जापान के दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी यूशी तनाका को 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 22-20, 15-21, 21-14 से हराया। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा के आठवीं वरीयता प्राप्त विक्टर लाई का सामना करेंगे। लाई विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर हैं। जापान ओपन जीतकर दो साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाली सिंधू को 18 वर्षीय उन्नति के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी।



उन्होंने 56 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में उन्नति को 21-14, 9-21, 21-10 से शिकस्त दी। उन्नति ने पहले गेम में सिंधू को कड़ी टक्कर दी और स्कोर 7-7 तक बराबरी पर रखा। इसके बाद सिंधू ने लय हासिल करते हुए पांच अंक जीतकर 12-8 की बढ़त बना ली और पहला गेम 21-14 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में उन्नति ने शानदार वापसी की। 2-2 की बराबरी के बाद उन्होंने 6-3 की बढ़त बनाई और फिर लगातार छह अंक जीतकर स्कोर 12-4 कर दिया।

### एरिगेसी से ड्रॉ खेलकर फिरोजा बने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स चैंपियन

**चेन्नई।** फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने बुधवार को भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ सातवें और अंतिम दौर की बाजी ड्रॉ खेलकर चौथे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फिरोजा ने सात दौर में दो जीत और पांच ड्रॉ के साथ कुल 4.5 अंक हासिल किए। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत लगातार दो जीत से की थी और अंतिम दौर में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों एरिगेसी और उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर आधे अंक की बढ़त के साथ पहुंचे। खिताब जीतने की कोशिश में काले मोहरों से खेल रहे अब्दुसत्तोरोव को ग्रैंडमास्टर दिमित्री आंद्रेइकिन ने 37 चालों में हरा दिया। इससे फिरोजा को चैंपियन बनने के लिए एरिगेसी के खिलाफ केवल ड्रॉ की दरकार थी और उन्होंने 41 चाल में मुकाबला बराबरी पर समाप्त कर खिताब सुनिश्चित कर लिया।

## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान को भारत ने भेजी राहत सामग्री


**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के नूरिस्तान प्रांत में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के



लिए भारत ने राहत सामग्री भेजी। इसमें खाने-पीने का सामान और परिवारों के रहने के लिए टेंट शामिल हैं। यह सामग्री अफगानिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी को सौंपी गई। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी है।

### पश्चिमी नेपाल में 4.2 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में बुधवार तड़के 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सुबह 4:40 बजे आए इस भूकंप का केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत के बाजहांग जिले के कोटदेवाल के आसपास था। यह स्थान काठमांडू से करीब 900 किमी दूर पश्चिम में स्थित है। यह भूकंप पड़ोसी बाजुरा और दार्चुला जिलों में भी महसूस किया गया। अभी तक इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर दंपती की मौत, 5 घायल

**ऊधमपुर।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को रामबन जिले के रामसू क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे में एक टेंपो पर पहाड़ी से विशाल बोल्डर गिर जाने से दो



यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। टेंपो (जेके06बी-9842) श्रीनगर से डोडा जिले की ओर जा रहा था। अचानक पहाड़ी से एक विशाल बोल्डर लुढ़ककर सीधे टेंपो पर आ गिरा। हादसे में दो यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान नज़ीर अहमद और उनकी पत्नी शकीला बेगम के रूप में हुई है, दोनों धांदला, काश्तीगढ़ के रहने वाले थे।

### भारत-आसियान मंत्री स्तरीय सम्मेलन में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# वैश्विक चुनौतियों से अकेले नहीं निपटा जा सकता, मिलकर आगे बढ़ना जरूरी

साझेदारी को और मजबूत बनाने का आह्वान किया

जयशंकर ने कहा कि मौजूदा अनिश्चितता और व्यवधान के दौर में आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर दबाव बढ़ रहा है। समुद्री व्यापार पर निर्भरता को देखते हुए समुद्री क्षेत्र भी चिंता का विषय बन सकता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन बेहद महत्वपूर्ण है

एजेंसी ▶▶ मनीला

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में आयोजित मंत्री स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने आसियान और भारत से भविष्य की चुनौतियों का मिलकर सामना करने के साथ ही साझेदारी को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। जयशंकर ने आसियान मंत्री स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि मौजूदा अस्थिर और तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों में कोई भी एक देश या समूह अकेले चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता।

उन्होंने भारत और आसियान देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। विदेश मंत्री ने फिलीपींस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए देश समन्वयक (को-ऑर्डिनेटर) की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आसियान की अध्यक्षता का विषय 'मिलकर भविष्य की राह तय करना' (नैविगेटिंग आर फ्यूचर टुगैदर) आज की वैश्विक भावना को दर्शाता है।




आसियान मंत्री स्तरीय बैठक में भाग ले रहे मंत्रियों का समूह फोटो

#### सहयोग के प्रमुख क्षेत्र

- व्यापार और निवेश
- लोगों की आवाजाही और टैलेंट
- प्रौद्योगिकी, डिजिटल और हवाई संपर्क
- ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी
- कनेक्टिविटी

#### दुनिया लगातार अस्थिर होती जा रही

जयशंकर ने कहा कि दुनिया लगातार अधिक अस्थिर होती जा रही है और ऐसे में यह विचार करना जरूरी है कि आपसी सहयोग किस तरह सभी देशों के हितों को आगे बढ़ा सकता है। मौजूदा अनिश्चितता और व्यवधान के दौर में आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर दबाव बढ़ रहा है। समुद्री व्यापार पर निर्भरता को देखते हुए समुद्री क्षेत्र भी चिंता का विषय बन सकता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन बेहद महत्वपूर्ण है।

#### आसियान के साथ साझेदारी मजबूत करेगा क्वाड

### मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत पर बनी सहमति



आसियान की बैठक से इतर भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों ने एक अहम बैठक की। इसके बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि चारों देश इस विश्वास में एकजुट हैं कि हिंद-प्रशांत के समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थिरता ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि की आधारशिला है। आसियान के साथ सहयोग को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

### रूसी विदेश मंत्री से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर द्विपक्षीय



संबंधों की समीक्षा की। बातचीत में भारतीय नाविकों की सुरक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समेत क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई।

### चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की

जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस अवसर पर



डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों के धीरे-धीरे सामान्य करने के लिए सीमा पर शांति गहरे द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक मूलभूत शर्त बनी हुई है।

### रूबियो से की मुलाकात



जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात के दौरान की। उन्होंने बताया कि चर्चा भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्राथमिकताओं पर केंद्रित रही।

#### पाकिस्तान सीमा पर तस्करी

## ड्रोन में आती थी हथियारों की खेप, तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बीकानेर



भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी कर देश की सुरक्षा को चुनौती देने वाले नेटवर्क के खिलाफ बीकानेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों के साथ ही पुलिस ने उस संगठित मॉड्यूल की महत्वपूर्ण कड़ियों को उजागर किया है, जो पाकिस्तान से भेजी गई हथियारों की खेप को भारतीय सीमा में रिसीव कर आगे पहुंचाने का काम कर रहा था। खाजूवाला थाना क्षेत्र में दर्ज इस बहुचर्चित मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गिरफ्तार आरोपी सीधे तौर पर मुख्य हैंडलर सोनू उर्फ सुखविंदर के संपर्क में थे। यही हैंडलर पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से गिराए गए हथियारों की लोकेशन अपने नेटवर्क के सदस्यों तक पहुंचाता था। इसके बाद आरोपी तय स्थान पर पहुंचकर हथियारों का पेलोड उठाते और उसे आगे सप्लाई चेन में पहुंचाते थे। शामिल अन्य लोगों तक पहुंचाते थे।

#### कांगो में इबोला बरपा रहा कहर

## अब तक 999 लोगों की मौत, 2473 मामले दर्ज

एजेंसी ▶▶ बुनिया (कांगो)




पूर्वी कांगो में इबोला वायरस के प्रकोप से कम से कम 999 लोगों की मौत हो गई है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इबोला की नई लहर में रविवार तक 2,473 मामले सामने आए हैं और 999 लोगों की मौत हुई है। जबकि कम से कम 737 मरीज फिलहाल आइसोलेशन केंद्रों और अस्पतालों में भर्ती हैं। कांगो में 15 मई को घोषित प्रकोप पहले के ज्यादातर इबोला प्रकोपों से अलग है, क्योंकि इसके लिए जिम्मेदार वायरस के बुंडिबुग्यो स्वरूप के लिए कोई टीका या इलाज मौजूद नहीं है। वहीं, वेनेजुएला ने मंगलवार को तीन लोगों की मौत हंता वायरस संक्रमण से होने की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी राज्य बारिनास में दो स्वास्थ्य कर्मियों की मौत के मामले में भी हंता वायरस संक्रमण का संदेह है।

हंता वायरस इंसानों में चूहों से फैलने वाली इस बीमारी है। इन दोनों मामलों की जांच चल रही है और उनका संबंध पूर्वी राज्य एंजोआटेगुई में हुई तीन मौतों से नहीं है।

## 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2' में जुटी 26 देशों की नौसेना




**कोच्चि।** हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय नौसेना ने कोच्चि में 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2' की शुरुआत की। 20 से 23 जुलाई तक चलने वाला यह चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कंबाइंड मैरीटाइम फोर्स के तहत भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाला पहला बड़ा बहुराष्ट्रीय समुद्री प्रशिक्षण अभियान है। समुद्र में बदलते सुरक्षा समीकरणों के बीच भारत ने अपनी समुद्री ताकत को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस अभियान में भारत अकेला नहीं, बल्कि दुनिया के 26 देशों की नौसेनाओं के साथ मिलकर समुद्री सुरक्षा का नया खाका तैयार कर रहा है। इसमें दुनिया के अलग-अलग देशों के नौसैनिक अधिकारियों को समुद्री कानून, समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने की तकनीक, खुफिया जानकारी साझा करने, नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने, समुद्री ठिकानों की सुरक्षा और ड्रोन जैसे नए खतरों से निपटने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

### जेलेंस्की ने यूक्रेन के सेना प्रमुख को हटाया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने देश के सेना प्रमुख जनरल ओलेक्सांद्र सिरिस्की को पद से हटा दिया। सिरिस्की को पद से हटाने की मांग को लेकर राजधानी कीव समेत देश के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन के बाद ये घटनाक्रम सामने आया है। यह जेलेंस्की द्वारा जनता के दबाव में किया गया दूसरा बड़ा बदलाव है। मिखाइलो द्रापाती को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया है। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने यह फैसला सैन्य कमांडरों के साथ कई बैठकों के बाद लिया है।

*राज्यसभा में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिया ब्योरा*

## सीएपीएफ कर्मियों को 50% जीएसटी छूट, एमबीबीएस में 26 सीटें आरक्षित

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** भारत सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इन पहलों में आर्थिक सहायता, शिक्षा संबंधी सुविधाएं, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं तथा पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाएं शामिल हैं। सीएपीएफ कर्मियों को केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार के सामान पर 50 प्रतिशत की जीएसटी छूट, कर्मी के परिजनों को 25 लाख रुपये से 35 लाख रुपये तक की अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है। गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है।

#### अंशदायी कल्याण कोष

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के दिवंगत कर्मियों के निकटतम परिजनों (नेक्स्ट ऑफ किन) को अंशदायी कल्याण कोष से प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

#### प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना

यह योजना केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) एवं असम राइफल्स के कर्मियों के बच्चों तथा वीर नारियों (विधवाओं) को उच्च तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु संचालित की जाती है। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 2,000 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं, जिनमें 1,000 लड़कों तथा 1,000 लड़कियों के लिए निर्धारित हैं। छात्रवृत्ति की राशि लड़कियों के लिए 3,000 रुपये प्रति माह (36,000 रुपये वार्षिक) तथा लड़कों के लिए 2,500 रुपये प्रति माह (30,000 रुपये वार्षिक) है।




## स्वदेशी युद्धपोत 'आईएनएस मालवन' नौसेना के बेड़े में शामिल

समुद्री सुरक्षा और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं में बढ़ी भारत की ताकत

मालवन माहे श्रेणी का दूसरा पनडुब्बी रोधी उथला जल युद्धपोत



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के साथ नौसेना के अधिकारी

एजेंसी ▶▶ कारवार

भारतीय नौसेना ने कर्नाटक के कारवार आईएनएस कादंबा नौसेना बेस पर माहे श्रेणी के दूसरे पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'आईएनएस मालवन' को बेड़े में शामिल किया। इस समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मुख्य अतिथि थे। पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय वत्सयान उपस्थित थे। आईएनएस मालवन का नाम भारतीय नौसेना के पुराने माइंसवीपर आईएनएस मालवन के नाम पर रखा गया है। वह जहाज 19 साल तक सेवा देने के बाद 2003 में रिटायर हुआ था।

#### 80 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण और तकनीक से बना

आईएनएस मालवन माहे श्रेणी का दूसरा पनडुब्बी रोधी उथले जल युद्धपोत है। यह 8 पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों में से दूसरा युद्धपोत है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरण और तकनीक का उपयोग किया गया है। भारतीय नौसेना ने इस वर्ष 7 युद्धपोतों को कमीशन कर लिया है। वर्ष के अंत तक लगभग 12 युद्धपोतों को कमीशन किए जाने की योजना है। यह युद्धपोत निर्माण में देश की बढ़ती क्षमता का प्रमाण है। यह समुद्री सुरक्षा और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं में हमारी बढ़ती शक्ति का परिचायक भी है।

#### उन्नत पनडुब्बी रोधी हथियारों से लैस

यह उन्नत पनडुब्बी रोधी हथियारों से सुसज्जित है। इसमें आगे की ओर लगा आरबीयू 6000 रॉकेट लॉन्चर, युद्धपोत के बाएं और दाएं दोनों तरफ तीन 324 मिमी हल्के टॉरपीडो ट्यूब लगे हैं, जो उन्नत हल्के टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी बारूदी सुरंग बिछाने वाली तकनीक से लैस हैं। इसमें टॉरपीडो डेकोय लॉन्चिंग सिस्टम भी लगे हैं। इसकी सतह युद्ध क्षमता में एक 30 मिमी नौसैनिक तोप और दो 12 दशमलव 7 मिमी की स्थिर रिमोट नियंत्रित तोपें शामिल हैं। माहे श्रेणी के पोत तीन 6 मेगावाट समुद्री डीजल इंजनों द्वारा संचालित हैं। यह वाटर जेट से जुड़े हैं, जिससे ये पंप जेट प्रणोदन का उपयोग करने वाले भारतीय नौसेना के सबसे बड़े युद्धपोत बन गए हैं। इनकी अधिकतम गति 25 समुद्री मील है और 14 समुद्री मील की गति पर इनकी परिचालन सीमा 1800 समुद्री मील है। यह युद्धपोत बिना रुके या बिना रीफ्यूलिंग के लगातार 14 दिनों तक पानी में सक्रिय रह सकता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28